
Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -295 बुधवार,31 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

इस कथन में बड़ी सच्चाई है कि आदमी जैसा भोजन लेता है, वैसा ही हो जाता है।
-महात्मा गांधी-

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी विध्वंस से जुड़ी सभी कार्यवाही को किया बंद

**नई दिल्ली, 30 अगस्त 2022।** सर्वोच्च न्यायालय ने 1992 में बाबरी ढांचे गिराए जाने से संबंधित सभी तरह की कार्यवाही को बंद करने का बड़ा फैसला लिया है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी दाखिल अवमानना याचिका को भी बंद करने का फैसला लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समय के साथ अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में शीर्ष अदालत के 2019 के फैसले को देखते हुए अब इस संबंध में अवमानना याचिका का कोई औचित्य नहीं रह जाता। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता असलम भूरे अब इस दुनिया में नहीं हैं, इसलिए अब इस मामले को बनाए रखना जरूरी नहीं है।

बता दें कि 6 दिसंबर 1992 में अयोध्या में बाबरी ढांचे को भीड़ द्वारा गिरा दिया गया था। इस मामले में भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती सहित कई नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

जिसके बाद देश में हुए सांप्रदायिक दंगों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थीं। हालांकि बाद में अधिकांश आरोपियों को कोर्ट ने राहत दे दी। बाद में 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में रामजन्मभूमि के पक्ष में फैसला सुनाया। वहीं मुस्लिमों के लिए अयोध्या में एक अलग स्थान में मस्जिद बनाने के लिए 5 एकड़ की जमीन मुहैया कराया।

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता मोहम्मद असलम भूरे ने 1991 में एक याचिका दायर की थी। इसके बाद बाबरी ढांचा गिर गया। इसके बाद 1992 में उन्होंने अवमानना याचिका दायर की थी। असलम भूरे की की 2010 में मौत हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता की मौत भी हो गई है, इसलिए अवमानना याचिका का कोई औचित्य नहीं है।

## जम्मू कश्मीर में कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका,पार्टी से 64 नेताओं ने दिया इस्तीफा



**जम्मू, 30 अगस्त 2022।** कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इस बीच जम्मू कश्मीर से खबर आ रही है कि पार्टी से 64 लोगों ने इस्तीफा दे दिया है। इन नेताओं में पूर्व डिप्टी सीएम भी शामिल हैं।

इस्तीफा देने के बाद राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारा चंद ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस हाईकमान किसी की नहीं सुनती। लोगों तक जो बात पहुंचनी चाहिए पार्टी वह पार्टी प्रोजेक्ट नहीं कर पाई। इस वजह से इन नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है और सभी ने गुलाम नबी आजाद को समर्थन दिया है।

**इन दिग्गज नेताओं ने छोड़ी पार्टी**-तारा चंद के अलावा पूर्व मंत्री चौधरी घारूराम, अब्दुल मजीद वानी, मनोहर लाल शर्मा, पूर्व विधायक बलवान सिंह समेत अन्य कई बड़े नेता और कार्यकर्ता ने भी पार्टी छोड़ दी है।

बता दें कि इससे पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष गुलाम हैदर मलिक समेत कांग्रेस के चार नेताओं तथा पार्टी के 12 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया था। सभी अब गुलाम नबी को सर्थन देने की बात कह रहे हैं।

## सीबीआई द्वारा बैंक लॉकर की जांच में मेरे खिलाफ कुछ भी नहीं मिलाःमनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली , 30 अगस्त 2022।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के वसुंधरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लॉकर की आज सीबीआई की टीम ने जांच की। सीबीआई की टीम से पहले मनीष सिसोदिया अपनी पत्नी के साथ अपने लॉकर की चाबी लेकर वसुंधरा चार स्थित मेवाड़ कॉलेज के अंदर पीएनबी की शाखा में पहुंच गए थे।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से बैंक के अंदर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए है। इसके बाद वह बाहर आए। यहां मीडिया से बात करते हुए सिसोदिया ने बताया कि सीबीआई की जांच में कुछ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके प्रेशर में किया जा रहा है। जिससे उन्हें 2 या 3 महीने तक जेल में डाला जा सके।



### अधिकारी भी मानते हैं हमने कुछ गलत नहीं किया: सिसोदिया

मनीष सिसोदिया ने यह भी कहा कि सीबीआई ने उनके नौकर के अलावा घर पर और अन्य जगह पर भी जांच की थी लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सीबीआई जांच में शामिल अधिकारी भी मानते हैं की मनीष सिसोदिया ने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने सीबीआई अधिकारी और अपनी तरफ से भी खुद को क्लीन चिट दी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने शराब नीति में गड़बड़ी के मामले को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। एलजी सक्सेना ने मुख्य सचिव की रिपोर्ट के बाद सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। मुख्य सचिव की रिपोर्ट में सिसोदिया की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। आपको बता दें कि दिल्ली में एक्साइज विभाग मनीष सिसोदिया के पास है।

### भाजपा बोली, भ्रष्टाचार के ट्विन टावर हैं सिसोदिया

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर कड़ा प्रहार बोला है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि सिसोदिया भ्रष्टाचार के ट्विन टावर हैं। उन्होंने कहा कि जनता करप्शन का टेस्ट चाहती है, बहुमत का नहीं। 38 दिन हो गए हैं 15 सवालों का जवाब नहीं मिला। शहजाद पूनेवाला ने कहा कि दिल्ली को पाठशाला चाहिए, मधुशाला नहीं। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने कई बार कक्षाओं के निर्माण की लागत में वृद्धि की और कई स्कूलों के शौचालयों को कक्षाओं के रूप में पेश किया ताकि बढ़ी हुई लागतों को सही ठहराया जा सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि आप सरकार एक रिवर्स रॉबिनहुड मॉडल का पालन कर रही थी, जिसमें गरीबों के लिए शराब माफिया के खजाने को भरने के लिए पैसे ले लिए गए थे।

### ममता बनर्जी छोड़ने वाली हैं राजनीति? बोली-भाजपा को 2024 में सत्ता से बेदखल करना मेरी 'आखिरी लड़ाई'

**बंगाल, 30 अगस्त 2022।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना उनकी 'आखिरी लड़ाई' होगी।



तृणमूल कांगेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी (67) ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में हराना है। केंद्र में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए दिल्ली की लड़ाई मेरी आखिरी होगी। मैं भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का वादा करती हूं।' उन्होंने कहा, 'भाजपा को किसी भी कीमत पर हराना है।'

बनर्जी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल को बचाना हमारी पहली लड़ाई है। मैं वादा करती हूं कि हम 2024 में केंद्र में भाजपा को सत्ता से हटा देंगे। अगर आप हमें डराने की कोशिश करेंगे, तो हम जवाब देंगे।' बनर्जी ने 1984 में 400 से अधिक सीट जीतने के बावजूद 1989 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चुनाव हारने का जिक्र करते हुए कहा, 'हर किसी को हार का सामना करना पड़ता है।'

उन्होंने कहा, 'इंदिरा गांधी दिग्गज नेता थीं, लेकिन उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के लगभग 300 सांसद हैं, लेकिन बिहार जा चुका है, कुछ अन्य राज्य भी उसके हाथ से जाएंगे।'



## ट्रक से पांच 5 किलो अफीम जब्त, करोड़ों में आंकी गई कीमत

**सीतापुर, 30 अगस्त 2022।** उत्तर प्रदेश की सीतापुर पुलिस ने एक ट्रक से पांच करोड़ रुपए की कीमत वाली 5 किलोग्राम अफीम जब्त की है. खैराबाद थाना क्षेत्र में अफीम सुपारी के साथ ट्रक में छिपाकर रखी गई थी. ट्रक चालक कलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है.

लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक लक्ष्मी सिंह ने कहा कि सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी जिले मादक पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति के खिलाफ लगातार काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि सीतापुर पुलिस को अपने सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक खेप खैराबाद से होकर गुजर रही है. सिविल कपड़ों में एक इंस्पेक्टर की टीम ने पंजाब के रजिस्ट्रेशन नंबर वाले ट्रक को रोका. ट्रक चालक कालविंदर से उसकी यात्रा के विवरण के बारे में पूछताछ की गई. हालांकि, वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

### यूपी में पुलिस इंपेक्टर दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की मां से दुष्कर्म में गिरफ्तार

**कन्नौज, 30 अगस्त 2022।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के सदर इलाके में 17 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की मां के साथ उसके आधिकारिक आवासीय क्वार्टर में दुष्कर्म करने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इंस्पेक्टर अनूप मौर्य को निलंबित कर दिया गया है।



महिला की शिकायत के अनुसार, मौर्य उसकी बेटी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले की जांच कर रहा था। उसने उसे 28 अगस्त को आधिकारिक आवासीय क्वार्टर पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

गिरफ्तार अधिकारी ने हालांकि कहा कि उसने शिकायतकर्ता को कुछ दस्तावेजों पर उसके हस्ताक्षर लेने के लिए अपने कमरे में बुलाया था।

कन्नौज के एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कहा, ÷पीड़िता के आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए हैं। इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है और दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।÷

सर्किल अधिकारी (सदर) शिव प्रताप सिंह को घटना की शुरुआती जांच करने के लिए कहा गया था। उन्होंने मौर्य को दोषी पाया।

## पहले ही दिन से फॉर्म में नजर आए चीफ जस्टिस यूयू ललित,सुप्रीम कोर्ट में 592 मामलों की हुई सुनवाई

**नई दिल्ली, 30 अगस्त 2022।** भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित के पद संभालते ही पहले दिन से ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की सुनवाई तेज हो गई है। उनके पद संभालते ही पहले दिन सुप्रीम कोर्ट में 592 मामलों की सुनवाई हुई।

भारत के प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित ने सोमवार को स्पष्ट तौर पर कहा कि मामलों को सूचीबद्ध करने जल्द ही एक नया तंत्र विकसित किया जाएगा। चीफ ने वकीलों से यह भी कहा कि वे अपने मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए रजिस्ट्रार के समक्ष मेंशनिंग करें, न कि सीजेआई के अदालत कक्ष में। सीजेआई ने कहा, हमारे पास गुरुवार तक एक नया तंत्र होगा। तब तक, हम इसे चैंबर में देखेंगे और यदि आवश्यक हुआ तो हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।



**तीन क्षेत्रों पर फोकस करने पर ध्यान**

पिछले हफ्ते शुक्रवार को सीजेआई जस्टिस यूयू ललित ने कहा था कि वह अपने 74 दिनों के कार्यकाल के दौरान तीन क्षेत्रों में अधिक फोकस करेंगे। इनमें केस को सूचीबद्ध करने में पारदर्शिता, जरूरी मामलों की तत्काल सुनवाई के लिए मेंशनिंग और संविधान बेंच की स्थापना शामिल हैं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के सबसे सीनियर जस्टिस उदय उमेश ललित ने शनिवार को भारत के 49वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। सीजेआई के रूप में जस्टिस यूयू ललित का कार्यकाल महज 74 दिनों का ही होगा और 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर वह आठ नवंबर को रिटायर हो जाएंगे।

### 900 याचिकाएं की गई थीं सूचीबद्ध

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कुल 900 याचिकाएं सूचीबद्ध की गई थीं। इनमें से 60 जनहित याचिकाएं थी। इनमें से 592 मामलों पर सोमवार को सुनवाई हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि जब सुप्रीम कोर्ट में एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई हुई है। सीजेआई यूयू ललित ने जस्टिस एस रवींद्र भट के साथ पीठ की अध्यक्षता करते हुए 62 याचिकाओ पर सुनवाई की, जिनमें से 10 जनहित याचिकाएं थीं।

### स्पाइसजेट के विमान का हवाईअड्डे पर टायर फटा, यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली ,30 अगस्त 2022।** स्पाइसजेट के दिल्ली-मुंबई के एक विमान में सोमवार को हवाईअड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। हालांकि, किसी भी यात्री या चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित उतर गए। एयरलाइन ने कहा कि उसके एक विमान का टायर मुंबई में हवाईअड्डे पर उतरने के बाद खराब पाया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि विमान रनवे पर सुरक्षित उतर गया। लैंडिंग पर रनवे खाली करने के बाद एक टायर खराब पाया गया। एक प्रवक्ता ने कहा कि एटीसी की सलाह के अनुसार विमान को निर्धारित जगह खड़ा किया गया था।


## 'बहुत सी लड़कियों को इंटरनेशनल बना दिया,मैं तुम्हें भी बना दूंगा,मेरे साथ 2 साल सेक्स करना होगा' ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**लखनऊ 30 अगस्त 2022।** ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव की महिला के साथ अश्लील तस्वीरें वायरल होने के बाद अब एक बार फिर विवादों में आ गए हैं. एक महिला खिलाड़ी ने गंभीर आरोप लगाया है. ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश और धमकाने का केस दर्ज किया है. महिला खिलाड़ी का आरोप है कि यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि बहुत सी लड़कियों को इंटरनेशनल बना दिया है. मैं तुम्हे भी इंटरनेशनल बना दूंगा. तुम्हे मेरे साथ दो साल शारीरिक संबंध बनाने होंगे. विरोध करने पर जबरदस्ती शुरू कर दी. मेरी जर्सी में हाथ डाल दिया. खीचंतान के दौरान जर्सी फट गई. किसी तरह खुद को उसके चंगुल से छुड़ाया. बचने के लिए पिता के उम्र के होने की दुहाई दी. इस पर आनंदेश्वर ने धमकी दी कि अभी तुम मेरी ताकत नहीं जानती हो. तुम्हारा सारा खेल कैरियर बर्बाद कर दूंगा. तुम कहीं से खेल नहीं पाओगी.

बरेली की रहने वाली एसएसबी तैनात महिला सिपाही ने राजस्थान के भिवाड़ी महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है. उसने आरोप लगाया कि लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण शिविर केदौरान उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया. विरोध करने पर कैरियर खराब करने की धमकी दी. पीड़िता की तहरीर पर राजस्थान के भिवाड़ी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है. वारदात स्थल लखनऊ के हजरतगंज स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम का होने के कारण मुकदमा स्थानांतरित कर दिया गया है.

### हैंडबाल की राष्ट्रीय स्तर की महिला ने बताई आपबीती

हैंडबाल की राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी 2017 से सशस्त्र सीमा बल में सिपाही के पद पर तैनात है. वर्तमान समय में वह अपनी बहन के घर अलवर में रहती है. महिला के मुताबिक आनंदेश्वर पांडेय लखनऊ के निरालानगर के रहने वाले है. वह उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ सचिव है. आरोप है कि हैंडबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 50 राष्ट्रीय महिला हैंडबाल चैम्पियन 29 मार्च से 3 अप्रैल तक हैदराबाद में आयोजित की गई थी. महिला खिलाड़ी के मुताबिक इसके लिए 12 मार्च को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंची थी. वहीं पर आनंदेश्वर पांडेय से मुलाकात हुई।




### दरवाजा बंद कर किया दुष्कर्म का प्रयास

महिला खिलाड़ी का आरोप है कि आनंदेश्वर से मुलाकात होने के दौरान औपचारिक बातचीत हुई. इस दौरान उन्होंने कहा कि उसके कोच ने चयन न करने के लिए मना किया है. मैं सब देख लूंगा. उन्होंने अपना मोबाइल नंबर दिया. कहा बात कर लिया करो. इसके बाद महिला खिलाड़ी का चयन प्रशिक्षण कैंप में कर दिया गया. जिसका धन्यवाद खिलाड़ी ने आनंदेश्वर को व्हाट्सएप पर दिया. प्रशिक्षण पूरा किया. उनसे बाचतीत भी होने लगी थी. महिला खिलाड़ी के मुताबिक अंतिम चयन के समय 26 मार्च को होना था. उसी दिन कोच ने कहा कि आनंदेश्वर पांडेय के आफिस जाकर मिल लो. उनके कहने पर खिलाड़ी कार्यालय पहुंची. आनंदेश्वर मौजूद थे. उन्होंने सामने वाले भवन में बुलाया. जहां वह खुद रहते थे. जब वह अंदर गई तो वहां शराब की बोतलें टेबल पर रखी थी. वापस जाने केलिए मुड़ी तो पीछे आनंदेश्वर आ गए. उन्होंने दरवाजा बंद कर लिया. दुष्कर्म का प्रयास किया.

### राजस्थान के भिवाड़ी में दुष्कर्म और धमकी का मुकदमा दर्ज

पीड़िता की तहरीर पर राजस्थान के भिवाड़ी महिला थाने में दुष्कर्म और धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है.थानाध्यक्ष सीमा सिनसिनवार के मुताबिक पीड़िता ने तहरीर दी. जिसके आधार पर 28 अगस्त को मुकदमा शून्य पर दर्ज कर लिया गया है. वारदात स्थल लखनऊ के हजरतगंज स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम है. इस लिए मामले को तत्काल लखनऊ के हजरतगंज थाने स्थानांतरित कर दिया गया है. अब इस मामले की जांच हजरतगंज पुलिस करेगी.

बता दें कि यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक स्थिति वाला फोटो वायरल हो गया है. इसके बाद मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है.आपत्तिजनक फोटो वायरल होने के मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव से आख्या मांगी है. इसकी एक कॉपी जिलाधिकारी लखनऊ को भी प्रेषित की गई है. क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने बताया कि आनंदेश्वर पांडेय को पत्र भेजकर जवाब मांगा गया है।

CMYK

## संपादकीय

# पद यात्रा की संभावनाएं

कोई बड़ी वैचारिक राजनीति सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है। इसलिए भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी इस पर निर्भर है कि क्या कांग्रेस लोगों को कोई नया सपना दिखा पाती है।

राहुल गांधी का यह संकल्प प्रसंशनीय है कि सात सितंबर से प्रस्तावित 'भारत जोड़ो' यात्रा में कोई साथ ना भी दे, तब भी कन्याकुमारी से साढ़े तीन हजार किलोमीटर की इस पद यात्रा को पूरा जरूर करेंगे। हालांकि इस यात्रा की पूरी योजना कांग्रेस ने बनाई है, लेकिन यह भी एक सकारात्मक बात है कि उसने इसे दलगत राजनीति से अलग रखने का निर्णय लिया है। यात्रा से गैर-सरकारी संगठनों को जोड़ने की कोशिश को भी सही दिशा में माना जाएगा। बहरहाल, कम से कम दो और शर्तें हैं, जिन्हें पूरा किए बिना संभवतः ये पद यात्रा अपने घोषित मकसद को हासिल नहीं कर पाएगी। इनमें पहली बात यह है कि पद यात्रा में शामिल होने वाले लोग पूरी यात्रा के दौरान सचमुच आम जन के बीच रहें- यानी ऐसा ना हो कि दिन भर पैदल चलने के बाद रात वे किसी सुविधाजनक होटल या स्थान पर गुजारने चले जाएं। राहुल गांधी ने कहा है कि ये यात्रा एक तपस्या है। तो उन्हें और उनके साथियों को तपस्या को उसके शब्दार्थ और भावार्थ दोनों में जीना होगा।

उन्होंने ऐसा किया, तो वे जनता से जुड़ाव बना सकेंगे और लोग उनकी बातों पर ध्यान देंगे। दूसरी बात दरअसल एक प्रश्न है। प्रश्न यह है कि जो संदेश वे लेकर जा रहे हैं, क्या उनमें देश और समाज निर्माण का कोई नया सपना है? क्या उनके पास ऐसा कोई संदेश है, जिससे लोगों में अपनी जिंदगी बेहतर होने की गुंजाइश दिखे? संविधान बचाओ या देश बचाओ जैसे नारे लोगों को बहुत नहीं जोड़ पाते हैं। कोई बड़ी वैचारिक राजनीति रक्षात्मक एजेंडे के साथ नहीं, बल्कि निर्माण के सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है।

# राष्ट्रीयता की भावना जगाता गणेशोत्सव



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान


भारत पर्व-उत्सवों का देश है और गणेश चतुर्थी उन्हीं उत्सव में से एक है। गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पूरे भारत में भगवान गणेश के जन्मदिन के इस उत्सव को उनके भक्त बहुत उत्साह के साथ मनाते हैं।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। मान्यता है कि मनुष्य जब भी किसी संकट में फंसता है और सच्चे मन से भगवान गणेश को याद करता है तो उसका संकट टल जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव जाति के ईश अर्थात् स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं।

गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है।

गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके



उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षो बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे -धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

जिस उद्देश्य को लेकर लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी ख़ुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज मे एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।

# झारखंड में भी अनिश्चितता

भाजपा एक प्रतिष्ठा की लड़ाई झारखंड में भी हारी थी। पांच साल तक राज्य में डबल इंजन की सरकार चली थी। कथित तौर पर खूब काम भी हुआ और प्रधानमंत्री सहित सभी नेताओं ने जम कर प्रचार भी किया। भाजपा ने कम से कम 50 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था लेकिन उसे सिर्फ 25 सीटें मिलीं और उसके सीटिंग मुख्यमंत्री चुनाव हार गए। इसके बाद चुनाव पूर्व गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। उसके बाद से ही सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए परेशान करने का काम शुरू हो गया। सरकार बनते ही भाजपा के नेता दावा करने लगे कि यह सरकार नहीं चलेगी। कहा जाने लगा कि कांग्रेस के एक दर्जन विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और सरकार गिर जाएगी। सोचें, राज्य में सरकार बनने के चार महीने बाद ही कोरोना की महामारी शुरू हो गई। उसी महामारी के बीच एक तरफ केंद्रीय एजेंसियों की तलवार तो दूसरी ओर कांग्रेस तोड़ कर सरकार गिराने का प्रयास।

भाजपा के इस निरंतर प्रयास का नतीजा यह हुआ है कि झारखंड अनिश्चितता के भंवर में फंसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चौतरफा घेराबंदी की गई है। चुनाव आयोग ने उनकी सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी तो भाजपा इस तैयारी में है कि किसी तरह से वैकल्पिक सरकार न बन पाए और बने तो वह चल न सके। इसका ताना-बाना कैसे बुना गया है वह किसी अपराध कथा की तरह है। मुख्यमंत्री के खिलाफ राज्यपाल से शिकायत की गई, जो चुनाव आयोग तक पहुंची। मुख्यमंत्री, उनके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई, जो सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। सरकार बनने के थोड़े समय बाद ही मुख्यमंत्री के पिता शिबू सोरेन और उनके परिवार के सभी सदस्यों के खिलाफ शिकायत लोकपाल में की गई, जिसका फैसला आना है। और इन सबके बीच झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जारी रही। राज्य की खनन सचिव के यहां छापा पड़ा और उनको गिरफ्तार किया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री के राजनीतिक प्रतिनिधि को यहां छापा पड़ा और उनको गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार से केंद्रीय एजेंसी पूछताछ कर रही है। सरकार के करीबी माने जाने वाले कारोबारियों के यहां छापे पड़े और एक चर्चित कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तार किए गए लोगों के जरिए सरकार के अन्य लोगों और मुख्यमंत्री के परिवार के लोगों पर भी तलवार लटकाई गई है।

इन सबके बीच राजनीतिक अभियान भी चलता रहा। एक साल पहले महाराष्ट्र के कुछ लोगों ने रांची जाकर विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया, जिसका खुलासा होने के बाद कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए तीन लोग गिरफ्तार भी हुए। अभी फिर इसी प्रयास का भंडाफोड़ हुआ, जब कांग्रेस के तीन विधायक पैसे के साथ बंगाल पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तो दूसरे विधायकों को तोड़ने के प्रयासों का खुलासा हुआ और भाजपा नेताओं के खिलाफ सरकार को अस्थिर करने, विधायकों को प्रलोभन देने के मुकदमे दर्ज हुए। इसमें भाजपा के एक मुख्यमंत्री का भी नाम है। अब भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के विधायक टूट जाएंगे तो जेएमएम के कई विधायक इस्तीफा दे देंगे आदि आदि। भाजपा के नेता ट्विट करके केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से पहले ही सारी जानकारी देते रहते हैं। उनको पता होता है कि किसके यहां छापा पड़ना है, किसके खिलाफ फैसला आना है और कौन गिरफ्तार होने वाला है? सवाल है कि जब चुनाव पूर्व गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है और भाजपा चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हुई है तो वह इसे स्वीकार क्यों नहीं कर रही है? क्या भाजपा सत्ता में बने रहने को अपना अधिकार मान रही है?

-हरिशंकर व्यास-

# त्वरित इंसाफ की अपेक्षा



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर
कर्नाटक

कितनी प्यासी है वहशी मानसिकता, कितनी बच्चियों का खून पिएगी? जड़ से उखाड़ दो जानवरों की जाहिलता वरना कोई माँ बेटियों को धरती पर जन्म देकर नहीं लाएगी

हर चीज़ की एक सीमा होती है, पर बेटियों के साथ अत्याचार के सिलसिले थमने का नाम नहीं ले रहे। जब जब ऐसी घटनाएँ घटती है तब कुछ दिन समाज में शोर मचता है। फिर जैसे थे वाली गत होती है।

हमारे देश में हर रोज़ न जानें कितनी बेटियाँ टपोरी, अनपढ़, गँवार और आशिक आवारा टाइप के लड़कों की हल्की मानसिकता का शिकार होते अपनी जान गँवा रही है। और उसमें भी ज़्यादातर गुनहगार एक खास कोम के लड़के पाए जाते है। एक-एक घटना पर खून खौल उठता है। समाज के ठेकेदारो से निवेदन है कि, इस मसले को जड़ से नाबूद कर दिया जाए। अब वक्त आ गया है नायक फ़िल्मि की तरह फैसले लेने का तभी लोग सुधरेंगे। हमारे यहाँ कानून अंधा है, फैसला आने तक घर वाले भी भूल जाते हैं कि किस अत्याचार के लिए लड़ रहे थे। ऐसे शाहरुख़ वाहरुख़ को ऐसी कड़ी सज़ा दी जाए की अंजाम जानकर उनकी आने वाली सौ नस्लें सुनकर काँप उठे।

समाज से एक सवाल, क्या बेटियाँ सिर्फ़ ज़लिल होने के लिए ही पैदा होती है? आख़िर कब तक चलेगा ये वहशीपन का खेल? कोई भी ऐरा, गैरा, नथ्थूखैरा किसीके भी घर में घुसकर किसीके जिगर के टुकड़े समान बेटी पर पेट्रोल डालकर ज़िंदा जला देता है, और उस घिनौनी हरकत का उसे कोई मलाल तक नहीं। पकड़े जानें पर हंसते हंसते जा रहा है। इन जैसे ज़ालिमों के ख़िलाफ़ केस वेस नहीं चलाना चाहिए, सीधा फैसला कर देना चाहिए। क्यूँकि अगर बुरे लोग सिर्फ़ समझाने से समझ जाते, तो न महाभारत का युद्ध होता, न राम को लंका जाकर रावण को ध्वस्त करना पड़ता। आज भी गली-गली दुर्योधन और रावण शिकार की तलाश में घूम रहे है। कल तक बेटियाँ सड़कों पर सुरक्षित नहीं थी, आज अपने घर में भी सुरक्षित नहीं। कब जागेगा नपुंसक समाज? कब तक हम शाहरुख़ जैसे राक्षसों के हाथों बेटियों की बलि चढ़ाते रहेंगे।

कुछ समय पहले हाथरस में एक लड़की को जिंदा जला दिया गया, फिर गुजरात के सूरत शहर में एक लड़की का सरेआम गला काट दिया, सोनाली फोगाट को ज़हर देकर मार दिया। माँ-बाप पेट काटकर नाज़ों से बच्चियों को इसलिए बड़ी करते है कि एक तरफ़ा प्यार में अंधे फालतू लड़कों के हाथों बलि चढ़ा दी जाए।

परसों झारखंड के दुमका में एक तरफ़ा प्रेम करने वाले शाहरुख़ नामक युवक ने अंकिता नामक युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसमें युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, और त्वरित न्याय अपेक्षित है।

जब मरते-मरते अंकिता आरोपी का नाम दे गई, वो विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, तब फैसला लेने में देर नहीं होनी चाहिए। मरने वाली लड़की की आख़री इच्छा थी जैसी मौत उसको मिली वैसी ही उसको जलाने वाले को भी मिलनी चाहिए। अगर ये लड़का बच गया तो कानून से जनता का भरोसा उठ जाएगा।

उधर प्रदेश के सीएम सोरेन ने पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की बात कही। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया है। पर ये तो फ़ैशन हो गया है कि किसी कमज़ोर को ताकतवर अपने हिसाब से प्रताड़ित करता है और वहाँ कि सरकार उसकी कीमत कैल्कुलेट करके पैसे दे देती है। गरीब, कमज़ोर और मजबूर होने पर आपकी कीमत लगा दी जाती है, ताकि आप चुप रहो। क्या पैसों से एक ज़िंदगी वापस आ सकती है? क्या पैसों से एक परिवार ने जो अपना सदस्य खोया है उसकी कमी पूरी हो जाती है?

बहुत खेल लिया इन दरिंदों ने अपना खेल, अब औरतों को संगठित होने की जरूरत है। जिस भी गाँव या शहर में किसीकी भी बेटी के साथ ऐसी घटना घटे, सब मिलकर गुनहगार को ऐसी सज़ा दो की दूसरा कोई किसीकी बेटी के सामने आँख उठाकर देखने की हिम्मत तक न करें। नहीं चाहिए हमें कोई कानून और इंसाफ़। अगर मासूमों को इंसाफ़ नहीं दिला सकते तो बंद करो ये कोर्ट-कचहरी कानून का नाटक। बुलडोज़र वाले इंसाफ़ की तरह हर गुनहगार को पब्लिक के हवाले कर दो तभी शायद समाज से गंदगी साफ़ होगी।

क्यूँकि अब पानी सर के उपर से बह रहा है सख़्ती नहीं बर्ती गई तो ऐसी जानवरों वाली मानसिकता को छूट मिलती रहेगी और बेटियाँ यूँही बलि चढ़ती रहेंगी।

# पेगासस में कुछ नहीं मिला

इजराइल से 500 करोड़ रु. में खरीदे गए पेगासस नामक जासूसी यंत्र की जांच में कुछ भी नहीं मिला। भारत सरकार पर यह आरोप था कि इस यंत्र के जरिए वह भारत के लगभग 300 नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों पर जासूसी करती है। यह खबर जैसे ही 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपी भारत में तूफान-सा आ गया। संसद ठप्प हो गई, टीवी चैनल और अखबारों में धमाचौकड़ी मचने लगी और सरकार हतप्रभ हो गई। सरकार की घिग्घी ऐसी बंधी कि इस खबर को उससे न निगलते बन रहा था, न उगलते। न तो वह संसद के सामने बोली और न ही अदालत के सामने। उसने बस, एक ही बात बार-बार दोहराई कि यह भारत की सुरक्षा का मामला है। गोपनीय है। यदि अदालत कहे तो वह जांच बिठा सकती है कि क्या आतंकवादियों, अपराधियों और तस्करों के अलावा भी किंही नागरिकों पर यह निगरानी रखी जाती है? अदालत ने सरकार को यह मौका देने की बजाय खुद ही इस जासूसी यंत्र पर जांच बिठा दी। जांच समिति में तीन विशेषज्ञ रखे गए और उसकी अध्यक्षता एक सेवा-निवृत्त जज ने की।


वह कमेटी तो बड़े योग्य और निष्पक्ष लोगों की थी लेकिन अब उसने अपने लंबी-चौड़ी रपट तीन हिस्सों में पेश की तो देश में फिर हंगामा खड़ा हो गया है, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा है कि उस रपट की मुख्य बातों को पढ़ने पर लगता है कि इस जांच में सरकार ने रत्तीभर भी सहयोग नहीं किया है। सरकार का जो रवैया अदालत के सामने था, वही जांच समिति के सामने भी रहा।

आश्चर्य इस बात पर है कि जो रवैया सरकार का रहा है, वही रवैया उन ज्यादातर लोगों का भी रहा है, जिन 300 लोगों के मोबाइल फोनों की जांच होनी थी। 300 में से सिर्फ 29 लोगों ने जांच के लिए फोन दिए। बाकी लोग चुप्पी मार गए याने जो हल्ला मचा था, वह हवाई था। उन 29 फोनों की तकनीकी जांच से विशेषज्ञों को मालूम पड़ा कि उनमें से एक पर भी पेगासस के जासूसी यंत्र की निगरानी नहीं थी। सिर्फ पांच फोनों पर मेगावेअर पाया गया। याने पेगासस को लेकर खाली-पीली हल्ला मचाया जा रहा है।

यदि यह सच है तो सरकार ने इस कमेटी के साथ खुलकर सहयोग क्यों नहीं किया? इसका मतलब दाल में कुछ काला है लेकिन जिन लोगों को अपनी निगरानी का शक है, उनकी दाल ही काली मालूम पड़ रही है। पहले तो 300 में से सिर्फ 29 लोग ही जांच के लिए आगे आए और उन 29 ने भी कह दिया कि उनके नाम प्रकट नहीं किए जाएं। इसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि सरकार से भी ज्यादा हमारे नेता, पूंजीपति, पत्रकार और अन्य लोग डरे हुए हैं। सरकार अपने अवैध कारनामों को छिपाना चाहती है तो ये देश के महत्वपूर्ण लोग अपने काले कारनामों पर पर्दा डाले रखना चाहते हैं। यदि आप कोई अवैध या अनैतिक काम नहीं कर रहे हैं तो आपको उसे छिपाने की क्या जरुरत है? फिर भी नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह जरुरी है कि सरकार द्वारा की जा रही जासूसी निरंकुश न हो। राज्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जासूसी कड़वी दवाई की तरह है लेकिन इसे रोजमर्रा का भोजन बना लेना उचित नहीं है।

-वेद प्रताप वैदिक-

# गणपति महोत्सव



सोनल मंजू श्री ओमर
कानपुर,
उत्तर प्रदेश

पौराणिक काल में एक बार महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना के लिए गणेशजी का आह्वान किया और उनसे महाभारत को लिपिबद्ध करने की प्रार्थना की। गणेश जी ने कहा कि मैं जब लिखना प्रारंभ करूंगा तो कलम को रोकूंगा नहीं, यदि कलम रुक गई तो लिखना बंद कर दूंगा। तब व्यास जी ने कहा प्रभु आप विद्वानों में अग्रणी हैं और मैं एक साधारण ऋषि किसी श्लोक में त्रुटि हो सकती है, अतः आप समझकर और त्रुटि हो तो निवारण करके ही श्लोक को लिपिबद्ध करना। आज के दिन से ही व्यास जी ने श्लोक बोलना और गणेशजी ने महाभारत को लिपिबद्ध करना प्रारंभ किया।



उसके 10 दिन के पश्चात अनंत चतुर्दशी को लेखन कार्य समाप्त हुआ। इन 10 दिनों में गणेशजी एक ही आसन पर बैठकर महाभारत को लिपिबद्ध करते रहे, इस कारण 10 दिनों में उनका शरीर जड़वत हो गया और शरीर पर धूल, मिट्टी की परत जमा हो गई। तब 10 दिन बाद गणेशजी ने सरस्वती नदी में स्नान कर अपने शरीर पर जमीं धूल और मिट्टी को साफ किया। जिस दिन गणेशजी ने लिखना आरंभ किया उस दिन भाद्रमास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि थी। इसी उपलक्ष्य में हर साल इसी तिथि को गणेशजी को स्थापित किया जाता है और दस दिन मन, वचन कर्म और भक्ति भाव से उनकी उपासना करके अनन्त चतुर्दशी पर विसर्जित कर दिया जाता है।

गणेश उत्सव का आरंभ छत्रपति शिवाजी जी महाराज ने किया था, लेकिन इसे हर घर, जनमानस तक पहुँचाने का कार्य लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने किया। 1893 में लोकमान्य ने मुंबई के गिरगांव में गणपति का पहला मंडल बनाया, जिसका नाम केसवी नाइक चॉल गणेश उत्सव मंडल था। लोकमान्य तिलक ने ही पहली बार मिट्टी की बनी हुई गणेश प्रतिमा को 10 दिनों के सार्वजनिक पूजन के लिए स्थापित किया। आज लगभग हर राज्य, हर शहर, हर गली-मोहल्ले, हर घर में गणपति विराजे जाते है, गणपति महोत्सव की धूम रहती है।

इसका आध्यात्मिक महत्व है कि हम दस दिन संयम से जीवन व्यतीत करें और दस दिन पश्चात अपने मन और आत्मा पर जमी हुई वासनाओं की धूल और मिट्टी को प्रतिमा के साथ ही विसर्जित कर एक परिष्कृत और निर्मल मन और आत्मा के रूप को प्राप्त करें।


## लफ्जों को नफासत से



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

लफ़्ज़ों को नफ़ासत से सजाओ तो गजल है
बुझते हुये चराग़ जलाओ तो ग़ज़ल है
अफ़साना दर्द से भरा हो या मोहब्बत का
अश्कों को निगाहों में बसाओ तो ग़ज़ल है
बातें सबा की हों या गुलों की बहारों की
फ़लक से चांद तोड़ के लाओ तो ग़ज़ल है
हो ज़िक्र शबे ग़म का या ख़ुशी की हो सहर
अर्ज़ें बयां या तर्ज़े सुनाओ तो ग़ज़ल है
राहें हों अज़नबी या हो रुहानी हमसफ़र
बनकर ख़याल रुह पे छाओ तो ग़ज़ल है
तारीफ़ हुश्न की हो या वफ़ा का हो चर्चा
आईने से नज़रों को मिलाओ तो ग़ज़ल है

## साथी मेरे !!!



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

साथी मेरे! तू मेरा ख़ुदा सा लगता है
इस भीड़ भरे जहां से जुदा सा लगता है
इक दौड़ लगी जो इर्द-गिर्द,
दिल बेबस-औ- बेचैन रहा
चाहत के ख़त लिखते आये
मज़मून कहाँ दिन-रैन रहा
मेरा हाल-ए-दिल पढ़ता तू, मेरी
नेकी की नेमत, बाख़ुदा सा लगता है
साथी मेरे! तू मेरा ख़ुदा सा लगता है
बुतख़ाना-ओ-क़ाबा बहुत फिरे
कुछ आराम मिला, सुकूं पाया
जिसके मुन्तज़िर हम बने फिरे
दिल को वो चैन कहाँ आया
साथ तेरा जो मिल गया है अब
दो जहाँ से अलहदा सा लगता है
साथी मेरे! तू मेरा ख़ुदा सा लगता है

## तू भी एक लम्हा है



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

तू भी एक लम्हां है, तुझे भी कहां ठहरना है।
इन हादसों से गुजर के तुझे सँवरना है।
लौटने की गुंजाइश भी रख,उँचा उडने वाले,
जहाज के पंछी कभी तो वापस उतरना है।
चुन ले खार सभी जो तू ने,जो औरों ने बिछाए,
न सजा पत्थर, तुझे भी यहीं से गुजरना है।
मैं सोचता ही रहा और वो लम्हाँ गुजर गया।
फ़कत नफा नुकसान का हिसाब करना है।
थोडा सलीका भी सीख, तहजीब से बात कर,
तुझे भी अब इंसानों की बस्ती में ठहरना है।

## जावत मइके



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
छत्तीसगढ़

जावत मइके आज,
मनाये बर जी तीजा।
मन हर अबड़ रिसाय,
निकलही अब तो बीजा।।
सुन्ना लागय द्वार,
लोग लइका नइ छोड़य।
देखय सारा मोर,
अपन वो मुँह ला मोड़य।।
लालच कतको देव,
काम कुछ भी नइ आइस।
लुगरा लेहुँ हजार,
आँख मोला देखाइस।।
गुर्री गुर्री देख, भड़क गे मोर सुवारी।
मानय नइ जी बात,
हवै जिद्दी ये भारी।।
जरहा भुँजहा साग,
पेज पसिया भर पीथौं।
खाँथव गिल्ला भात,
उही मा मँय हर जीथौं।।
करथो जब भी फोन,
उठा सारी ह चिढ़ाथे।
सुन के किस्सा रोज,
हाँस के मजा उड़ाथे।।
रहिथे तीज उपास,
उमर ला मोर बढ़ाथे।
लोटा भर के नीर,
शिवा भोले म चढ़ाथे।।
बढ़ही मया दुलार,
सोच के मन ल मढ़ाथौं।
नींद घलो नइ आय,
तभो जल्दी सुत जाथौं।।

## खुशियों का श्री गणेश



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

1.विघ्नहरण मंगलकरण
गौरी पुत्र गणराज
रिद्धि सिद्धि सहित
पधारो मेरे घर आज
सुख शांति चहु ओर
बिखेरे पूर्ण करो हर काज
देवो मे अग्रगण्य हो
तुम सर है सदा तेरे ताज
रिद्धि सिद्धि सहित
पधारो मेरे घर आज
2.मूषक सदा सोहे,
लडुअन भोग लगे तोहे
रिद्धि सिद्धि के दाता,
रूप जगत मन मोहे
आकर घर मेरे धन्य
करो मोहे तुम आज
रिद्धि सिद्धि सहित
पधारो मेरे घर आज
3.आदिशक्ति जग
जननी के अंश हो तुम
देवो के देव
महादेव के वंश हो तुम
दंडवत नमन मेरा
प्रभु आज स्वीकारो तुम
प्रथम वंदना करू
प्रभु हे संतो के सरताज
रिद्धि सिद्धि सहित
पधारो मेरे घर आज
4.आ जाओ श्री
गणेश करने खुशियों का
सांसारिकता मे पडे
दिन और दुखियो का
आकर आँगन मे हमारे
कर दो नया आगाज
रिद्धि सिद्धि सहित
पधारो मेरे घर आज
5. जीवन मे बुद्धि
और बल मिल जाये
मानस सर मे
कमलदल खिल जाये
बदल जाये
हमारे जीने का भी अंदाज़
रिद्धि सिद्धि
सहित पधारो मेरे घर आज

## गणपति वंदना



सोनल सिंह सोनू
, दुर्ग
छत्तीसगढ़

भादो मास तिथि चतुर्थी ,
प्रभु विराजते पृथ्वी पर ।
भक्तजन उनकी सेवा करें,
विनायक सबके कष्ट हरें ।
बुद्धि ज्ञान के तुम हो दाता,
प्रथम पूज्य देवेश्वरा।
मेरी तुमसे याचना,
विघ्न हरो विघ्नेश्वरा।
महादेव के तुम हो नंदन,
कार्तिकेय के भ्राता ।
रिद्धी सिद्धी के तुम हो स्वामी,
लाभ शुभ प्रदाता ।
मूसक को वाहन बनाया,
हे! वक्रतुण्ड महाकाय।
मोदक का तुम्हें भोग लगे,
हे!अष्टसिद्धी के दाता।
मैं बालक नादान हूँ स्वामी,
निशदिन करूँ आराधना।
सबके विघ्नों का नाश करो,
स्वीकार करो मेरी प्रार्थना।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# गुजरात सरकार के फैसले से दुनिया में भारत की छवि को पहुंची है ठेस

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
स्थानीय अल्पसंख्यक संगठन रजा यूनिटी फाउंडेशन ने 2002 के दंगे के दौरान बिलकिस बानो पर हुए गैंगरेप और उसके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले में 11 अपराधियों को माफी देकर बरी करने के केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा गुजरात सरकार के निर्णय के विरोध में आज कलेक्ट्रेट चौक में प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भी प्रेषित किया। फाउंडेशन ने अपने ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की है कि गुजरात सरकार के इस अमानवीय फैसले के विरुद्ध तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और 11 बलात्कारियों को




रिहा करने के गुजरात सरकार के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार करते हुए उन्हें गिरफ्तार करके पुनः जेल भेजने की कार्रवाई की जाए ताकि देश में लोकतंत्र और संविधान तथा धर्मनिरपेक्षता कायम रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि एक तरफ पूरा देश जहां महिलाओं के उत्थान प्रगति और न्याय के लिए कार्य करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प ले रहा है वही बिलकिस बानो के केस में यह बातें सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई है ऐसा प्रतीत होता है। गुजरात सरकार के इस फैसले से दुनिया में भारत की छवि को ठेस पहुंची है और महिलाओं में काफी आक्रोश है। आयोजन में रजा यूनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष शादाब आलम रिजवी,अशफाक अली, इसरारुल हसन ,शेख नूरआलम ,दिलेर अंसारी ,साजिद, मोहम्मद अल्ताफ, मेराज अंसारी, अमीन हुसैन, ताहिर अंसारी नौशाद कादरी, रसीद, मोहम्मद खालिद,इश्तियाक,रिंकू सिद्दीकी, गुलाम मुस्तफा, फ़ुजैल,गुलाम मोइद्दीन, शाकिब सिद्दीकी, मोहम्मद आरिफ, विकी, शिबू खान ,तबरेज सिद्दीकी, जुबेर आदि शामिल थे।



# 10 दिन तक गणपति बप्पा की गूंज

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
दस दिवसीय गणपति उत्सव का शुभारंभ बुधवार से होगा। घरों और पंडालों में भगवान गणपति की स्थापना के साथ विधिविधान से पूजन-अर्चन किया जायेगा। दस दिन तक आराधना के बाद अनंत चतुर्दशी को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। मंगलवार को लोग गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं को स्थापना के लिए ले गए। बुधवार को गणेश प्रतिमाओं की विधिविधान से स्थापना की जाएगी। पंडालों में 10 दिन तक गणपति बप्पा की गूंज रहेगी। प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया और घरों में तैयारियां जोर-शोर से चलती रही। बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ घरों व पंडालों में लाए गए।

# सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए की हरितालिका तीज व्रत



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
. हरितालिका तीज पर्व मंगलवार को महिलाओं ने भक्तिभाव से मनाया। अखंड सौभाग्य की कामना का पावन व्रत तीज महिलाओं के लिए खास महत्व रखता है। कभी माता पार्वती ने भगवान शंकर के लिए इस व्रत को किया था। सुबह से ही महिलाएं तीज की तैयारी में लगी थी। पकवान, गुजिया बनाए गए इसके बाद स्नान-ध्यान कर पूजा-अर्चना किन। इस पर्व में महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। नारी के सौभाग्य की रक्षा करने वाले इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अपने अक्षय सौभाग्य और सुख की कामना के लिए करती है। इस पर्व में बालू से भगवान शंकर, गणेश और पार्वती की प्रतिमा बनाकर महिलाएं पूजा-अर्चना कीं। सुहागिन महिलाएं श्रृंगार कर हाथों में मेहंदी रचा कर अपने अपने घरों व मंदिरों में पंडित जी से तीज व्रत की कथा सुनी। साथ ही भगवान से पति की लंबी उम्र व मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। वही पूजा पाठ के बाद भी महिलाओं का निर्जला व्रत जारी रहा। जो 24 घण्टे बाद बुधवार की सुबह व्रती पूजा अर्चना के बाद कठिन व्रत का जल ग्रहण कर पारण करेंगी।

## महिला से 18 हजार रुपए की लूट

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर में महिलाओं द्वारा लूट व चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। शहर में चल रहे भागवत कथा में कई चेन व पर्स चोरी के मामले सामने आने के साथ-साथ सोमवार की शाम को दो महिलाओं ने एक महिला का पर्स लूट कर फरार हो गया। पर्स में 18 हजार रुपए नगद व अन्य दस्तावेज भी थी। महिला ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के सलगा डेडरी निवासी 25 वर्षीय सरोजनी डनसेना पति टेनिस लाल सोमवार को पति के साथ अंबिकापुर आई थी। यहां पति के साथ गुदरी बाजार स्थित एक बीज दुकान में कीटनाशक खरीद रही थी। इसी बीच दो महिलाएं आई और सरोजनी का पर्स लूट कर फरार हो गईं। पर्स में 18 हजार रुपए नगद के अलावा आधार कार्ड था। पीड़िता ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

# जवानों के लिए यूथ पीस फाउंडेशन ने आयोजित किया सेमिनार

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
संपूर्ण रूप से स्वस्थ होने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना अति आवश्यक है तथा हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस बात को ध्यान में रखते हुए यूथ पीस फाउंडेशन की टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत जिले के 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सिलफिली, सूरजपुर के जवानों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रेरणादायक कहानियों तथा प्रसिद्ध वक्ता, मानवतावादी व लेखक प्रेम रावत के मानवता व शांति के संदेश की सहायता से 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सिलफिली,




सूरजपुर के अधिकारियों के सहयोग से जवानों को मानसिक स्वास्थ्य सशक्तिकरण के लिए अधिक मानवीय तथा शांतिमय जीवन अपनाने की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों द्वारा यूथ फाउंडेशन की टीम की सराहना की गई तथा भविष्य में भी टीम द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे ,इसके लिए भी अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में सेनानी सुजीत कुमार सर ,सहायक सेनानी केसी टोप्पो, शर्मा प्रसाद, सुधीर चौधरी, कंपनी कमांडर नंदकिशोर भदौरिया, राम बहादुर शर्मा , चंद्रेश्वर नेताम ,सहायक प्लाटून कमांडर नरेंद्र साहू जी आदि उपस्थित थे। टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों के 300 से भी अधिक संस्थानों के 15000 से भी अधिक विद्यार्थियों के लिए वर्चुअल तथा ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें एनसीसी, विभिन्न सशस्त्र बल , कई इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा मैनेजमेंट संस्थान शामिल है।
यूथ पीस फाउंडेशन एक अलाभ कारी संस्था है जिसका उद्देश्य समाज में मानवता व शांति की संस्कृति को विकसित करते हुए लोगों में सकारात्मक बदलाव लाना है। अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संस्था द्वारा नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं जैसे सरकारी स्कूलों में स्वास्थ्य स्वच्छता अभियान एवम् बालिका स्वास्थ्य जागरूकता अभियान मानसिक स्वास्थ्य गुप्ता अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम।

## ऑटो एसोसिएशन ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर की व्यवस्था सुधारने की मांग



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश संयोजक एवं ऑटो एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ओनिमेष सिन्हा और सरगुजा संभागीय ऑटो यूनियन की संभागीय अध्यक्ष गीता सिंह सरगुजा संभाग के ऑटो यूनियन संभागीय सचिव सुषमा केरकेट्टा ऑटो एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता द्वारा सरगुजा एसपी को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि ऑटो चालकों का कोरोना काल के बाद प्रशासन के द्वारा ऑटो चालकों की कोई भी बैठक पुलिस और यातायात प्रशासन के साथ नहीं हुई है बैठक सुनिश्चित कराएं, ई रिक्शा वालों की संख्या अंबिकापुर के अंदर बढ़ती जा रही है ई रिक्शा वालों की कोई किराया सूची निश्चित नहीं है किराया सूची निश्चित कराया जाए, ई-रिक्शा का अंबिकापुर शहर में परिचालन के लिए सीमा तय किया जाए, जिला हॉस्पिटल के सामने ऑटो स्टैंड प्रशासन द्वारा कई वर्षों से दिया गया था लेकिन उसमें ठेला वालों ने कब्जा कर लिया है प्रशासन से मांग की गई है कि ठेला वालों को जिला अस्पताल ऑटो स्टैंड से हटवाया जाए, न्यू बस स्टैंड में ऑटो स्टैंड को नगर निगम के द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से ऑटो स्टैंड अभी वहां पर स्थाई रूप से बंद है मांग की गई है कि पुनः ऑटो स्टैंड को चालू करवाया जाए , बस स्टैंड ऑटो स्टैंड में महिलाओं के लिए भी स्थान आरक्षित किया जाए, शहर में कुछ व्यक्तियों के द्वारा थोक के भाव में ई-रिक्शा खरीद कर किराया में चलाया जा रहा है अन्य प्रदेश के लड़कों को जो की नाबालिक है उनको बुलवाकर ई-रिक्शा संचालित करवाया जा रहा है कि उनके द्वारा सवारी एवं ऑटो चालक से दूर व्यवहार किया जाता है ज्ञापन देते समय ऑटो एसोसिएशन के जिला सचिव गुलशेर खान संभागीय ऑटो यूनियन के सदस्य संगीता यादव ऑटो एसोसिएशन प्रियंका तिर्की, रेखा यादव, तारा प्रजापति, रूबी खातून एवम ऑटो एसोसिएशन जिला सचिव प्रिंस तिवारी ऑटो एसोसिएशन जिला महामंत्री अफरोज खान ऑटो एसोसिएशन हॉस्पिटल चौक के अध्यक्ष फिरोज खान महामाया चौक अध्यक्ष सरफराज आलम सचिव मंसूर आलम हॉस्पिटल चौक उपाध्यक्ष लल्लन गुप्ता प्रदीप गुप्ता और बड़ी संख्या में ऑटो चालक उपस्थित थे ।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की:अनिरुद्धाचार्य

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
नारायणी परिसर में चल रही पावन श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास अनिरुद्धाचार्य महाराज द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया।
नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा. कृष्ण का रुप धरे छोटे से लाला और नंद बाबा ने यशोदा मैया के साथ द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मानो भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर से थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और बधाईयां बांटी गयी। कथा प्रसंग में कथा व्यास श्री अनिरुद्धाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं। साथ ही महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है। उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। अब तक विभिन्न स्थानों पर 850 कथाएं कर चुके अनिरुद्धाचार्य महाराज ने आज की




कथा के दौरान वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया।
महाराजश्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं। वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वस्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया।भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये। यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं। ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी। ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है। यह मैंने तूझे नहीं दिया. बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है.
महाराज जी ने कहा भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है. मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है. गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है. उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है. संकट उस पर सपने में भी नहीं आते। माता-पिता के चरण पकड़ लो किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. महाराजजी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है। महाराजजी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाई. उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया गया मैत्री मैच का आयोजन सम्पन्न

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** /हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हांकी, व्हालीबाल, हैंडबॉल खेलों का मैत्री मैच का आयोजन हांकी स्टेडियम अम्बिकापुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डॉ अजय तिर्की, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, पार्षद श्री द्वितेंद मिश्रा के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया । प्रतोयोगिता में हांकी मैच छोटा नागपुर विरुद्ध धयनचंद क्लब के मध्य हुआ जिसमें छोटा नागपुर की टीम विजयी रही। व्हालीबाल पुरुष वर्ग में साई बाबा स्कूल की टीम विजयी रही एवं महिला वर्ग में कस्तूरबा गांधी विद्यालय ऊदयपुर की टीम विजयी रही। हैंडबॉल पुरूष वर्ग में गांधीनगर व महिला वर्ग में अम्बिकापुर ए टीम विजयी रही।इस अवसर पर हांकी संघ, किक बॉक्सिंग संघ, ताइक्कांडो संघ, हैंडबॉल संघ, बॉलीबाल संघ तीरंदाजी संघ के सदस्य उपस्थित थे।



# सरपंच संघ का 13 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल हुआ शुरू

-संवाददाता-
**लखनपुर ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के आव्हान पर 30 अगस्त दिन मंगलवार की सुबह 11 00 बजे से लखनपुर विकासखंड के ग्राम केवरा स्थित तहसील कार्यालय के सामने लखनपुर सरपंच संघ ब्लाक अध्यक्ष प्रयाग सिंह के नेतृत्व में विकासखंड के 74 ग्राम पंचायतों के महिला पुरुष सरपंचों के द्वारा 13 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया है। जहां बड़ी संख्या में विकासखंड के सरपंच सचिव हड़ताल में शामिल हुए हैं। सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रयाग सिंह के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 13 सूत्री मांगों को लेकर सरपंच संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है। अगर छत्तीसगढ़ सरकार हमारी मांगो को पूरा नहीं करती है तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वधान में अपनी 2 सूत्री मांगों को लेकर सभी अधिकारी कर्मचारियों का विगत 9 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों के द्वारा बताया कि 34त्केंद्र के समान महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान अनुसार ॥क्र ,2 सूत्रीय मांग को लेकर 22 अगस्त से चौथे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव से मुलाकात की है। पदाधिकारियों की मुख्य सचिव से सकारात्मक बातचीत हुई। साथ ही मुख्य सचिव के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आप लोगों की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। अधिकारियों कर्मचारियों सहित सरपंच संघ के हड़ताल में चले जाने से कार्यालयों सहित पंचायत स्तर का कामकाज पूरे तरीके से प्रभावित हुआ है। जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में सभी संगठन व संघ के लोग अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है जिससे पूरी तरीके से व्यवस्था चरमरा गई है। तो वहीं लोगो को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रयाग सिंह ,ब्लॉक उपाध्यक्ष सुख साय पोर्ते, सचिव जमुना प्रसाद, ललिता सिंह, शैलेंद्र सिंह ,विनोद सिंह, बनवारी, ललिता सिंह, बालम साय, प्रमोद सिंह, मंगल राठीया ,सीताराम, शांति लकड़ा, सीमा सिंह, संगीता कंवर ,निर्जला सिंह, कृष्ण नाथ, सहित सरपंच गण सहित अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

-संवाददाता-
**सूरजपुर ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
शराब के लिए रुपए नहीं देने पर पति ने टांगा से प्रहार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया वहीं पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गेतरा निवासी वदे सिंह शराब पीने का आदि था और पति पत्नी दोनों साथ में शराब पिया करते थे दोनों शराब पीने सोमवार रात को 10-00 बजे बैठे थे शराब पीते वक्त शराब खत्म हो गया जिससे पति ने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए रुपया मांगने लगा और नहीं देने पर मौत के घाट उतार दिया और वह आए दिन विवाद पैदा करता था। बताया जाता है कि बीती रात वदे सिंह शराब के लिए अपनी पत्नी प्याजो बाई से रूपये मांगा पत्नी ने जब उसे रूपये देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और तैश में आकर पति ने टांगा से उसके सिर पर इस कदर प्रहार किया कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो मालूम पड़ा कि पति ने ही उसकी हत्या किया था । फिलहाल पुलिस मामले की रिपोर्ट पर धारा 302, के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी पति की गिरफ्तारी कर ली है



# जर्जर स्कूल भवनों की दशा सुधारने 500 करोड़ की राशि मंजूर

» विधायक गुलाब कमरो ने जर्जर एवं भवन विहीन स्कूलों को लेकर सदन में उठाए थे सवाल।
» विद्यार्थियों और पालकों में हर्ष की लहर,मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार।



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्कूलों में सुचारू रूप से पढ़ाई सुनिश्चित करने प्रदेश के सभी जर्जर स्कूलों की मरम्मत हेतु 500 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधा के लिए मुख्यमंत्री की इस उदारता पर सविप्रा उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यह लोगों को आगे बढ़ने और विकास करने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा ही वह एकमात्र आधार है जिस पर मानव जाति का भविष्य निर्भर करता है। शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए हर पल समर्पित रहने वाले वाले सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो भी सदैव चिंतनशील रहे हैं।
शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए उनकी ओर से समय-समय पर हरसंभव प्रयास किए जाते रहे हैं। बीते विधानसभा सत्र के दौरान विधायक कमरो ने राज्य जनजाति सलाहकार परिषद् की बैठक में जर्जर स्कूलों से शिक्षा में होने वाली बाधाओं एवं मरम्मत की दिशा में मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराया था। सत्र के दौरान विधायक ने सदन में सवाल किया था कि विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत अंतर्गत अति जर्जर स्कूलों एवं भवन विहीन स्कूलों की संख्या कितनी है? जर्जर एवं भवन विहीन स्कूलों के निर्माण हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है? अति जर्जर स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के बैठने हेतु शिक्षा सत्र-2022-23 के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं तथा उक्त अति जर्जर स्कूलों एवं भवन विहीन स्कूलों का निर्माण व मरम्मत कब तक की जाएगी? शिक्षा को लेकर विधायक कमरो के कुशल प्रयासों से मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी स्कूलों में सुचारू रूप से पढ़ाई सुनिश्चित करने प्रदेश के सभी जर्जर स्कूलों की मरम्मत हेतु 500 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा के लिए बहुत बड़ी राशि मंजूर किए जाने से निश्चित रूप से जर्जर एवं भवन विहीन स्कूलों की दशा में सुधार होगा और शिक्षा के मंदिर में बिना किसी परेशानी के विद्यार्थियों की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश सरकार के इस सराहनीय कदम से विद्यार्थियों के साथ ही उनके पालकों में भी हर्ष व्याप्त है। सभी ने मुख्यमंत्री एवं कर्मवीर विधायक गुलाब कमरो के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है।

### गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपने को साकार कर रहा राजीव युवा मितान क्लबः कमरों

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित राजीव युवा मितान क्लब प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद सभा कक्ष में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विधायक गुलाब कमरों ने इस अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तहत युवाओं को संस्था का मूल उद्देश्य, कार्य जैसे खेल गतिविधियों, सामाजिक गतिविधियां व संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सांस्कृतिक गतिविधियों पर कार्य करने प्रोत्साहित कर युवाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने संगठित होकर सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान हेतु अपील की। विधायक गुलाब कमरों ने इस दौरान राजीव युवा मितान क्लब के एक एक सदस्यों से चर्चा कर क्लब की गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर, जनपद सीईओ आरडी साहू, लेखापाल सत्येंद्र सिन्हा सहित विधानसभा क्षेत्र से आए हुए राजीव युवा मितान के सदस्य रहे मौजूद।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

## जिला प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों ने सद्भावना फुटबाल मैच खेलकर खेल भावना का दिया परिचय

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित खेल प्रतियोगिता सह-सम्मान समारोह कार्यक्रम माननीय खेलसाय सिंह विधायक प्रेमनगर के मुख्य आतिथ्य,नरेश राजवाड़े जिला पंचायत उपाध्यक्ष, संजय दोषी शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी,बिहारी कुलदीप सभापति जिला पंचायत,सुनील अग्रवाल एवं अजय सिंह पार्षद के विशिष्ट आतिथ्य एवं रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों के लगभग 150 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ राजगीत ÷अरपा पैरी के धार से÷ हुई, तत्पश्चात् सभी अतिथियों ने स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इसके बाद सभी अतिथियों का जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों ने अपने - अपने उद्बोधन में मेजर ध्यानचंद जी के खेल जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं सभी खिलाड़ियों को पूरी लगन, मेहनत व खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में बोरा दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम देवंती सिंह,द्वितीय लक्ष्मी सिंह, तृतीय चंद्रवती सिंह, बालक वर्ग में प्रथम निरंजन पैकरा, द्वितीय नानसाय,तृतीय देवमत,100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से प्रथम कदम कुमारी, द्वितीय डिम्पल सिंह, तृतीय कामना सिंह, बालक वर्ग में प्रथम कैलाश सिंह, द्वितीय रोहन सिंह, तृतीय उदय देवांगन तथा फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम चन्द्रवती सिंह, द्वितीय गायत्री सिंह, तृतीय कामना सिंह रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया। इसके साथ ही जिले के खेल प्रशिक्षक प्रकाश सूर्यवंशी, सुनील साहू, दिनेश साहू, भरत देवदास, राजकुमार नायक व कुमारी श्रुति यादव तथा वर्ष 2021 - 22 में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ी जयप्रकाश साहू कराटे, अशोक कुमार साहू कराटे, कर्ण कुमार एथलेटिक्स, ब्रिकेश कुमार रेसलिंग व थांग ता,रनवीर सूर्यवंशी कराटे व वुशु, अभिज्ञान यादव तीरंदाजी, लालजी यादव कराटे व वुशु, कु.निकिता यादव थांग ता व किक बॉक्सिंग, बिजेन्द्र कुमार साहू कराटे व वुशु, कु.बबीता सिंह कराटे, रूद्रांश ताईक्कांडो, शौर्य प्रताप सिंह ताईक्कांडो, कु.सौम्या सिंह ताईक्कांडो, कु.रक्षा ताईक्कांडो तथा कु.सौम्या शर्मा ताईक्कांडो को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में सद्भावना फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ माननीय खेलसाय सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और खिलाड़ियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा की गई थी। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता शक्ति ठाकुर,शांतनु डोरी, परमेश्वर राजवाड़े एवं रेहान तथा संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा,एसडीएम सूरजपुर रवि सिंह,एसडीएम भैयाथान सागर सिंह,अमित केरकेट्टा तहसीलदार भटगांव,डीएसपी रामश्रृंगार यादव, पुलिस विभाग से एसडीओपी सूरजपुर गीता बाघवानी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सी ढिल्लों,प्रकाश राठौर आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एसडीएम रवि सिंह,आभार प्रदर्शन सबाबे हुसैन प्रभारी खेल अधिकारी एवं मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक गौतम शर्मा, पंकज डोंगरे, दिनेश साहू, राम सुभाष राजवाड़े, राजकुमार नायक ,मंदनेश्वर रवि,जनक, शिवमनोरथ आदि ऑफिशयल का सक्रिय योगदान रहा।

# भ्रष्टाचार को दबाने के लिए सत्ता का दुरुपयोगःदेवेन्द्र तिवारी

## कसरा सड़क मामले में ग्रामीणों के खिलाफ हुई थाने में रिपोर्ट



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। कसरा में सड़क मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार के विरोध मामले में नया मोड़ आ गया है। ग्रामीणों ने कुछ दिनों पहले इस मामले की शिकायत कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से की थी।तब कोई सुध नहीं लिया था।ग्राम के युवाओं द्वारा मामले की जानकारी पूर्व जिपं सदस्य ।देवेन्द्र तिवारी को दिए जाने पर वो मौके पर पहुँचे थे, और भ्रष्टाचार का विरोध किया था। सड़क मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाया था।
ग्रामीणों के खिलाफ ग्राम पंचायत की ओर से थाना पटना में आनन फानन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्रामीणों ने ही सड़क को खराब किया है। इस प्रकार ग्रामीणों को सत्ताधारी दल के नेताओं के इशारे पर जेल भेजने की धमकी भी दी जाने लगी। भ्रष्टाचार का विरोध अपराध है तो मैं बार बार करूँगा इस प्रकरण पर पूर्व जिपं सदस्य देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि स्थानीय विधायक से जुड़े लोग उस पंचायत में ठेकेदारी कर रहे हैं। सभी सत्ताधारी दल के लोग हैं और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों और सचिव का ऊपर उनका दबाव रहता है।इसलिए सरपंच पर दबाव पूर्वक ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट कराई गई होगी। ग्रामीणों से ट्रेक्टर से बेतरतीब पड़ी मिट्टी को ट्रेक्टर से समतल कराने का काम भी किया था।इसके बाद ठेकेदारों ने ग्रामीणों पर दबाव बनाने की योजना बनाई है। मैं स्वयं मौके पर जाऊंगा और गांव वालों का साथ दूंगा।

# एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन सम्पन्न



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। नेहरू युवा केंद्र संगठन बैकुंठपुर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय एवं भारत सरकार एवम जिला युवा अधिकारी पवन कुमार जी के निर्देशानुसार दिनांक 29-08-22 राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ब्लॉक खडगवां के ग्राम पंचायत बंजारीडांड में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायतबंजारीडांड की सरपंच श्रीमती रूप वती, शासकीय विद्यालय के प्राचार्य श्री राम नरेश साहू उपस्थित थे। सर्व प्रथम अथितियो का बैच से स्वागत किया गया, उसके पश्चात महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता करवाया गया, जिसमे 2 टीम जिसमे प्रथम स्थान अनुराधा एवम् ग्रुप के खिलाड़ियों के प्राप्त किया। पुरुषों के कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीरज एवम् ग्रूप ने प्राप्त किया। इसी प्रकार महिलाओं की खो खो प्रतियोगिता में मनीषा एवम् ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय स्थान सोनकुंवर एवम् तृतीय स्थान पूर्णिमा ने प्राप्त किया, पुरुषों की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान युवराज सिंह, द्वितीय स्थान संदीप एवम तृतीय स्थान नीरज साहू ने प्राप्त किया । ग्राम के लोगों के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका अंकिता सिंह के द्वारा किया गया।

# नमदगिरी रोड में तलवार लहराते पकड़ा गया एक युवक

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। सोमवार को नमदगिरी रोड वार्ड क्रमांक 4 निवासी मनीष सोनी नशे की हालत में नंगी तलवार को लहराते हुए मोहल्ले वासियों को दौड़ा रहा था और आने जाने वाले अन्य लोगों को भी काफी भयभीत कर रहा था जिससे मोहल्ले वासी काफी डरे और सहमे हुए थे। पुलिस को मुखबिर व मोहल्ले वासियों से सूचना मिली की नमदगिरी रोड वार्ड क्रमांक 4 निवासी मनीष सोनी जो नशे की हालत में नंगी तलवार को लहराते हुए मोहल्ले वासियों को दौड़ा रहा है और आने जाने वाले अन्य लोगों को भी काफी भयभीत कर रहा है जिससे मोहल्ले वासी काफी डरे और सहमे हुए है पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल गंभीरता से इसकी तस्दीक की और मौके पर आरोपी युवक मनीष सोनी को लोहे का जंग लगा पुराना तलवार लेकर नशे की हालत में लहराते हुए पाया गया. जिसे पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा और उसके दाहिने हाथ से एक लोहे का पुराना जंग लगा हुआ तलवार मिलने पर 25 व 27 के तहत आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी मनीष सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश राठोर, सहायक उपनिरीक्षक रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह( बंटी), आरक्षक दुबे सिंह, लक्ष्मीनारायण मिर्रे के सक्रिय भूमिका रही।

# विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बच्चे



-ओमकार पांडेय-
सूरजपुर ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। आदिम जाति कल्याण एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जन व गरीब आदिवासी तबके के बच्चो को भुगतना पड़ रहा है। अफसर दफ्तर में बैठक फील्ड का विजिट करते है तो वही अपने चहेते स्कूल के शिक्षकों को हॉस्टल अधीक्षक का जिम्मेदारी शौपा है और हॉस्टल अधीक्षक के लिए हुई नियुक्त कर्मचारियों को कार्यालय में अटैच कर अन्य कार्य लिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के प्रेमनगर विकास खण्ड में स्थित एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय के छात्रावास के बच्चो को मिलने वाले खान पान में अनिमियता बरती जा रही है। जिस कारण बीते दिनों छात्रों का तबियत खराब हुआ था। जिन्हें प्रेमनगर अस्साल ले जाया गया जहां स्टूडेंट की तबियत स्थिर बताई जा रही है।
वही इस कन्या छात्रावास का अपना भवन नहीं है। दो वर्षो से यह एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय का छात्रावास आदिम जाति कल्याण विभाग के 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में संचालित है। पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की छात्राएं समीप स्थित प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास के भवन में रहने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार इस छात्रावास के 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में क्षमता से अधिक आदिवासी छात्राएं रहने को मजबूर हैं। 50 बेड छात्रावास में छात्रा मवेशियों की तरह ठुस ठूस कर रखा गया है। छात्रावास में पानी की समस्या रहने के कारण सभी आदिवासी छात्राओं को समीप स्थित प्री मैट्रिक छात्रावास में नहाने जाना पड़ता है।

# फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल नौवें दिन भी जारी



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरुप गृह भाड़ा भत्ता न मिलने पर नवें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। बता दें कि प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त से अनवरत हड़ताल पर है। नवें दिन की हड़ताल का आगाज़ राष्ट्रगान के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 3-11/2015/1/9 के तहत जारी निर्देशों के संबंध में कर्मचारियों पर भेद-भाव करने, डराने धमकाने का गंम्भीर आरोप फेडरेशन द्वारा लगाया गया है। सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता देने के बजाय वेतन कटौती करने हेतु फरमान जारी की है, जिसका कर्मचारी वर्ग पुरजोर विरोध करता है।कर्मचारी अधिकारी और जनता जनार्दन सरकार की नीति नीयत को अच्छी तरह समझ रही है।यदि फेडरेशन एवं 96 संगठनों की जायज मागों पर सरकार सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आगामी आम चुनाव में व्यापक विपरीत असर देखने को मिलेगा। सतीश देशलहरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य खनिज संपदा से भरपूर है राज्य में धनराशि का सदुपयोग किया जाय तो धनराशि की कोई कमी नहीं है। अनिश्चितकालीन आंदोलन के नौवें दिन आज तीजा पर्व के उपलक्ष्य में धरना स्थल पर उपस्थित महिलाओं के द्वारा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सभी सदस्यों को गुझिया खिलाकर हरतालिका पर्व मनाया, मंच का संचालन प्रवक्ता सुरेश एक्का एवं अमरेश पांडेय द्वारा किया गया।
आज के हड़ताल में संभागीय सह संयोजक राजेन्द्र सिंह,जिला संयोजक अशोक यादव, जिला महासचिव विश्वास भगत, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष पवन रूपोलिया डॉ एस के मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कॉमरेड ए.पन्ना, प्रवक्ता सुरेश एक्का,कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, राजस्व निरीक्षक संघ अध्यक्ष मुकेश सिंह, पटवारी संघ भरत यादव, तहसील अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष आर एम ए स्वास्थ्य संघ परमेश्वर राजवाड़े, रश्मि एक्का, अंजना टोप्पो, छात्रसाय नागदेव, अतरसिंह, जीवेश मिश्रा, सत्रुधन राम, सहित भारी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# समलाई मंदिर परिसर में युवकों ने की सफाई

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। राजीव गांधी युवा मितान क्लब के युवाओं के द्वारा समलाई मन्दिर में युवाओं ने चबूतरे के आसपास की साफ-सफाई करवाकर गंदगी को हटाकर साफ-सफाई कर श्रमदान किया. साथ ही चबूतरे और मुर्तियों की सफाई कर पानी से धुलवाया गया और युवाओं ने समलाई मन्दिर के आस-पास गंदगी नहीं होने देने का भी संकल्प लिया।

# हाईटेक कार्यो के लिए जवानों को दिया गया कम्प्यूटर का प्रशिक्षण



-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना-चौकी में पदस्थ जवानों को पुलिस की कार्यप्रणाली में सूचना प्रौधोगिकी की क्षमता बढ़ाने के लिए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) सहित कम्प्यूटर का बेसिक प्रशिक्षण पुलिस कन्ट्रोल रूम सूरजपुर में दिया जा रहा था जिसका समापन सोमवार, 29 अगस्त को हुआ। प्रशिक्षण में सम्मिलित पुलिस जवानों को पुलिस अधीक्षक ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्रदाय कर उत्कृष्ट कार्य करने प्रोत्साहित किया।
इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जवानों को कहा कि थाना में जाकर प्राप्त प्रशिक्षण का बेहतर उपयोग कर उत्कृष्ट कार्य करें इससे थाना के कार्यो में गति आएगी, क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत करने एवं अवैध शराब, जुआ व नशे के कारोबार में लिप्त लोगों की जानकारी एकत्र कर कार्यवाही कराने, जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने एवं थानों के आंकड़ों को सीसीटीएनएस में समय पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, स्थापना प्रभारी पंकज नेमा, एसआई नीलाम्बर मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष पन्ना सहित सीसीटीएनएस शाखा व थाना-चौकी के कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो मजदूरों की दम घुटने से मौत

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। सोमवार को यहां हुए एक दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई है।बताया गया है निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट आ जाने से उक्त हादसा हुआ है।यहां के बाल साय अपने नव निर्मित मकान में सैप्टिक टैंक का निर्माण कराया था जिसमे लगे सेंट्रिंग खोलने सोमवार को पम्पानगर के रघुनाथ सिंह 34 व मदनराम 18 वर्ष टैंक में उतरे और उतरते ही दोनों मजदूर बेहोश हो गए लेकिन लोग कुछ जब तक समझ पाते तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों मजदूर की जान चली गई। बाद में घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने किसी तरह रस्सी के सहारे दोनों का शव टँकी से बाहर निकाल कर पीएम के बाद आज दोनों शवों को परिजनों को सौप दिया है।बताया गया है कि निर्माणाधीन टँकी में जहरीले गैस का प्रभाव था जिससे दोनों मजदूर की मौत हुई है।पुलिस मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।इधर घटना से पम्पानगर में गमगीन माहौल में दोनों मजदूरों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना से पम्पानगर में शोक का माहौल है।



# अधिकारी-कर्मचारियों ने सुंदर काण्ड का पाठ कर मनाया त्यौहार

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34त्न मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर सूरजपुर जिले के कर्मचारी अधिकारी नवें दिन भी तीज त्यौहार के बावजूद हड़ताल पर रहे। जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि आज नवें दिन तीज त्यौहार होने के बावजूद भी जिले के समस्त कर्मचारी अधिकारियों के साथ महिला कर्मचारी साथियों की उपस्थिति ने आंदोलन को और मजबूती दिया है।कल हमारे प्रांतीय संयोजक के नेतृत्व में प्रतिनिधि मडल की मुख्य सचिव से बेहद सकारात्मक चर्चा हुई है ।पहले दौर की वार्ता में प्रांतीय संयोजक ने अपना पक्ष रखते हुए कर्मचारियों की पूरी मांग से अवगत करा दिया है जिसके बाद मुख्य सचिव ने वित्त सचिव व अन्य अधिकारी से चर्चा करने की बात कही है। हमें उम्मीद है जल्द ही इसका सकारात्मक नतीजा प्रदेश के कर्मचारियों के हित मे आएगा।हम चाहते हैं कि हमारी मांगों पर सरकार सहानुभूति पूर्वक निर्णय करे ।सरकार रोज हड़ताल को कमजोर करने के लिए विभिन्न प्रकार के आदेश जारी कर रही है लेकिन हमारे साथी ऐसे किसी भी आदेश से डरने वाले नहीं हैं बल्कि और मजबूत हो रहे हैं।जो साथी अब तक हड़ताल में शामिल नहीं थे अब वे साथी भी आंदोलन में शामिल हों रहे है।यदि सरकार हमारी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन जारी रहेगा।आज जिले के समस्त विकासखण्डों में तीज पर्व के अवसर पर आंदोलन स्थल पर ही सुंदर काण्ड का वृहद आयोजन किया गया साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर पंडाल में ही तीज पर्व मनाया गया।आज भी फेडरेशन से जुड़े समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष ,पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।हमारा आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।



# 20 हजार पत्रकारों में से पांच फीसदी से भी कम महिलाएं,हिंसा की धमकियों का कर रहीं सामना

**इस्लामाबाद , 30 अगस्त 2022।** पाकिस्तान में महिला कर्मचारियों के साथ लिंग के आधार पर वेतन में अंतर, लिंग पूर्वाग्रह और अनुचित व्यवहार बड़े पैमाने पर है। दक्षिण एशियाई देश में पत्रकार के रूप में काम करने वाली महिलाओं की स्थिति भी दुनिया के लिए कोई रहस्य नहीं है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रेटिंग में पाकिस्तान लगातार निचले स्थान पर रहा है। ऑनलाइन स्पेस में भी यह निचले स्तर पर है। महिलाओं को खास तौर पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का खामियाजा भुगतना पड़ता है। पाकिस्तान में सख्त पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के कारण महिला पत्रकारों को हिंसा और धमकियों का जोखिम और अधिक खतरा है।

एक पाकिस्तानी पत्रकार के अनुसार, ÷पाकिस्तानी मीडिया में महिलाओं ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्टिंग की संवेदनशीलता और लेखन का सत्यनिष्ठ तरीका महिलाओं की प्रगति का प्रतीक है। इस अहम बदलाव के बावजूद ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। महिलाओं को अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।÷



महिला पत्रकारों को दी जाने वाली बीट्स की प्रकृति में भी एक मजबूत लिंग-पूर्वाग्रह रहा है। पर्यावरण, मौसम, स्वास्थ्य जैसी बीट्स की प्रकृति %नरम% मानी जाती है, जबकि उन्हें अभी भी राजनीति, खेल, अपराध और अर्थव्यवस्था को कवर करने में %अक्षम% माना जाता है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी सामान्य और मुश्किल वजह एक ही है-लिंग आधारित रूढ़िवादिता। सामान्य इसलिए क्योंकि लिंग के आधार पर महिलाओं के आधार पर क्षमताओं की निंदा करना आसान है और मुश्किल इसलिए क्योंकि अवसर दिए जाने पर इसे पहली बार में सही ढंग से करने का दबाव अधिक हो जाता है।

रिपोर्ट में मीडिया वॉचडॉग फ्रीडम नेटवर्क की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए लेखक ने कहा कि मीडिया इंडस्ट्री में सीनियर मैनेजमेंट के पदों पर महिलाओं की संख्या बहुत कम है, जो पाकिस्तान में पत्रकार की महिला के रूप में पहचान करते हैं।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि अनुमानित 20,000 पाकिस्तानी पत्रकारों में से 5 प्रतिशत से भी कम महिलाएं हैं। हालांकि हाल की बहसों (डिबेट्स) और चर्चाओं (डिस्कशंस) ने कार्यस्थल (वर्कप्लेस) पर उन महिलाओं की सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण बहस पैदा की है जो जमीन पर रिपोर्टिंग या ऑफिस में काम कर रही हैं। इन बहसों ने महिलाओं के काम करने के अनुभव, उनकी सुरक्षा और कार्यस्थलों में मौजूद कुप्रथा को पारदर्शिता प्रदान की है, जो उनकी प्रोडक्टिविटी के लिए एक चुनौती है।

ऑनलाइन स्पेस भी सुरक्षित नहीं है। दैनिक आधार पर अपने व्यक्तिगत डेटा को सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर महिला पत्रकारों को बलात्कार, शारीरिक हिंसा और धमकी के रूप बड़ी संख्या में खतरों का सामना करना पड़ता है।

# ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ हमने किए अनगिनत ऑपरेशन,मोसाद के पूर्व चीफ ने किया बड़ा दावा

**येरुशलम , 30 अगस्त 2022।** इस्त्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व प्रमुख योसी कोहेन ने दावा किया है कि उनके नेतृत्व में मोसाद ने ईरान के महत्वाकांक्षी परमाणु कार्यक्रम को फेल करने के लिए अनगिनत अभियान चलाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 1897 की पहली जायोनी कांग्रेस के 125 साल पूरे होने के अवसर पर स्विट्जरलैंड में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने ये दावा किया। अपने संबोधन में कोहेन ने ईरान और विश्व शक्तियों के बीच परमाणु समझौते पर भी प्रहार किया।




उन्होंने सोमवार को यहां बोलते हुए कहा कि मोसाद के निदेशक के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान, ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ अनगिनत ऑपरेशन किए गए। इतना ही नहीं मोसाद को ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ लड़ाई में कई सफलताएं भी मिलीं। उन्होंने दावा किया कि अपने अभियानों के क्रम में हमने दुनिया भर में और ईरान की धरती पर ही ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला के गढ़ में काम किया।

ईरानी परमाणु फाइलों को छीनने के लिए ऑपरेशन बारे में चर्चा करते हुए मोसाद के पूर्व प्रमुख कोहेन ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विश्व समुदाय के सामने प्रमुखता के साथ इन फाइलों को दिखाया था और कहा था कि यह स्पष्ट सबूत बताते हैं कि तेहरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम के सैन्य आयामों के बारे में झूठ बोला था।

ईरान के साथ चल रही परमाणु वार्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस्त्राइल की स्थिति को बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाते हैं तो ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए जो कुछ भी करने की आवश्यकता है वह करना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस कट्टर शासन को कभी भी सामूहिक विनाश के अपने हथियार को तेज करने की क्षमता हासिल नहीं करनी चाहिए जिसका इस्तेमाल यहूदी राज्य के खिलाफ किया जाएगा।

दरअसल, ईरान दक्षिण में गाजा से लेकर उत्तर में लेबनान और सीरिया तक इस्त्राइल को घेरना चाहता है। ऐसे में कोहेन ने कहा कि यह हिज्बुल्लाह, हमास और इस्लामिक जिहाद जैसे आतंकवादी समूहों को धन, प्रशिक्षण और हथियार देता है, जिससे उन्हें इज़राइल की नागरिक आबादी पर हजारों रॉकेट दागने में मदद मिलती है।

गौरतलब है कि मोसाद के पूर्व प्रमुख की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विश्व शक्तियां ईरान के साथ 2015 के समझौते को पुनर्जीवित करने के रोडमैप पर बातचीत कर रही हैं। ये समझौता ईरान के खिलाफ अपने तेजी से आगे बढ़ने वाले परमाणु कार्यक्रम को प्रतिबंधित करने के बदले प्रतिबंधों को हटा देगा।

बता दें कि संयुक्त व्यापक कार्य योजना (छ्रष्टक्क), जिसे ईरान परमाणु समझौते के नाम से भी जाना जाता है। ईरान और क्क + 1 (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और जर्मनी के पांच स्थायी सदस्य) के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता था। इसने ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंधों के बदले में राहत दी थी। इसके बदले में ईरान को गारंटी देनी थी कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर सकता।

परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान ने कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। उसने परमाणु हथियार विकसित करने की इच्छा से इनकार किया है। वहीं, इस्त्राइल का तर्क है कि ईरान दुनिया को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहा है और उसका परमाणु कार्यक्रम यहूदी राज्य के लिए एक संभावित खतरा है।

# इराक में श्रीलंका जैसी अराजकता,शिया धर्मगुरु के एलान के बाद भड़के समर्थक,20 की मौत

**बगदाद , 30 अगस्त 2022।** श्रीलंका के बाद अब इराक में अराजकता के हालात बन गए हैं। देश में करीब 10 माह से सरकार नाम की चीज नहीं है और शक्तिशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सदर ने भी राजनीति से संन्यास का एलान कर दिया। इससे उनके समर्थक भड़क उठे। वो राष्ट्रपति के महल में घुस गए। उनके और ईरान समर्थक इराकियों के बीच संघर्ष शुरू हो गया। गोलीबारी में 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।



इराक की राजधानी बगदाद में अराजकता का माहौल है। उग्र भीड़ ने श्रीलंका के घटनाक्रम की तरह इराक के राष्ट्रपति भवन और सरकारी भवनों पर कब्जा कर लिया। उन्हें खदेड़ने में सुरक्षा बल भी विफल रहे। भीड़ में शामिल अराजक तत्व राष्ट्रपति के महल में बने स्विमिंग पूल में धमाल मचाने लगे। ये लोग मुक्तदा अल-सदर के समर्थक बताए जा रहे हैं।

सोमवार को जैसे ही मुक्तदा अल-सदर ने राजनीति छोड़ने का एलान किया, उनके समर्थकों में गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद इनकी ईरान समर्थकों से भिड़ंत हो गई। बगदाद की सड़कों पर पथराव शुरू हो गया। इसके बाद कई जगहों पर गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। आरंभिक खबरों में 20 लोगों के मारे जाने की बात कही गई है। 19 लोग घायल हुए हैं। इराक में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

### नई सरकार को लेकर गतिरोध

दरअसल, इराक में नई सरकार बनाने को लेकर बीते एक माह से गतिरोध कायम है। शिया धर्मगुरु के समर्थक इराक में दशकों के संघर्ष और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शिया धर्मगुरु इराक की राजनीति पर अमेरिका व ईरान का प्रभाव खत्म करने के पक्ष में थे। वे संसद भंग कर जल्दी चुनाव कराने की भी मांग कर रहे थे। इस बीच, अचानक उन्होंने ट्वीट किया कि - मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। हालांकि, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थान खुले रहेंगे। राजनीति छोड़ने का फैसला चौंकाने वाला इसलिए है, क्योंकि उनकी पार्टी इस समय इराकी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है। पिछले साल अक्तूबर में इराक में चुनाव हुए थे।

## एक सप्ताह से चल रहा था प्रदर्शन

शिया धर्मगुरु के समर्थक बगदाद के ग्रीन जोन में स्थित संसद के बाहर एक सप्ताह से धरना दे रहे थे। जैसे ही उन्हें मुक्तदा अल सदर के राजनीतिक संन्यास के फैसले का पता चला, वे भड़क गए। इसके बाद सेना व पुलिस ने मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों से ग्रीन जोन छोड़ने की अपील की।

बता दें, श्रीलंका में जबर्दस्त आर्थिक संकट के बाद पिछले माहों में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। उग्र भीड़ राष्ट्रपति भवन में घुस गई थी। संसद को बंधक बना लिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को देश छोड़ने पर विवश होना पड़ा था।

# स्वीडिश नौका में लगी आग, 300 यात्रियों को बचाया गया

**स्टॉकहोम ,30 अगस्त 2022।** स्वीडन के एक यात्री जहाज में आग लगने पर लगभग 300 यात्रियों को बचाव अभियान के दौरान सुरक्षित निकाल लिया गया। जहाज में बीती शाम को अचानक से आग लगी गयी थी।

बाल्टिक सागर में हालांकि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान में रूकावट आयी है। जब यह जहाज गोटलैंड द्वीप के उत्तर में गोट्स्का सैंडन द्वीप के आसपास पहुंचा तभी अचानक से जहाज के कार डेक में आग लग गयी। गनीमत रही कि आग लगने के दौरान कोई यात्री घायल नहीं हुआ।

स्वीडिश टेलीविजन के मुताबिक जहाज में आग लगने की सूचना मिलने के बाद कई जहाजों और हेलीकाप्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में आग में काबू पा लिया गया। आग लगने से जहाज की विद्युत प्रणाली क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली के बिना चालक दल लंगर नहीं डाल सकता था इसलिए स्टेना स्कैंडिका को 15 से 20 मीटर प्रति सेकंड की हवाओं के झोंकों में बहने के लिए छोड़ दिया गया।

स्वीडिश मैरीटाइम एडमिनिस्ट्रेशन के जोहान वाह्लस्ट्रॉम ने स्वीडिश टेलीविजन को बताया, जहाज को बंदरगाह तक ले जाने के लिए स्टॉकहोम के दक्षिण में न्याशमन बंदरगाह से जहाज को खीचने वाली नौका को भेजा गया था।

# भारतीय मूल का पुलिस अधिकारी हत्या के आरोप से बरी, कुत्ते पर गोली चलाने के दौरान महिला की हुई थी मौत

**ह्यूस्टन , 30 अगस्त 2022।** साल 2019 में लापरवाही से हत्या के आरोपी एक भारतीय मूल के पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी को टेक्सास की एक अदालत ने बरी कर दिया। पूर्व अधिकारी पर एक कुत्ते को निशाना बनाने के दौरान महिला को मार डालने का आरोप लगा था। 30 वर्षीय मैगी ब्रूक्स की गोली मारकर हत्या करने के बाद रविंदर सिंह पर मुकदमा चल रहा था। टारेंट क्रिमिनल डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय ने सोमवार को जूरी के फैसले को पढ़ने के बाद एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि जब भी बल प्रयोग से किसी नागरिक की मौत हो जाती है, तो वे मामले को एक बड़ी जूरी के पास ले जाते हैं और अगर जूरी अभियोग वापस करती है तो वे मुकदमा चलाते हैं।



कुत्ते पर गोली चलाने के दौरान महिला की मौत

जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने कहा, जूरी ने 2019 में ब्रूक्स की मौत से संबंधित तथ्यों को सुना। उन्होंने गवाही और सबूतों का मूल्यांकन किया और तय किया कि रविंदर सिंह दोषी नहीं है। ऐसा करके जूरी ने आपराधिक न्याय प्रणाली में अपना कर्तव्य पूरा किया। अगस्त 2019 में अर्लिंग्टन पुलिस द्वारा जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज से पता चला है कि एक शॉपिंग सेंटर के पास बाहर घास पर एक महिला के बाहर निकलने के बारे में पुलिस को कॉल आने के तुरंत बाद रविंदर सिंह ने जांच की थी। जैसे ही सिंह ने महिला से पूछा कि क्या वह ठीक हैं, एक कुत्ता उनकी ओर दौड़ता हुआ आया और अधिकारी ने गोलियां चला दी। एक गोली तीन बच्चों की मां ब्रूक्स नाम की महिला के सीने में लगी। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। उसकी मौत का कारण हत्या बताया गया था। सिंह ने नवंबर 2019 में एक प्रशासनिक जांच के बीच इस्तीफा दे दिया था और सितंबर 2020 में टैरंट काउंटी ग्रैंड जूरी द्वारा आपराधिक लापरवाही से हत्या के आरोप में आरोपित किया गया।

ब्रूक्स के परिवार ने जुलाई 2021 में संघीय नागरिक अधिकारों का मुकदमा दायर कर कम से कम 20 लाख डॉलर की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। शुक्रवार दोपहर दलीलें बंद करने से पहले सिंह ने अदालत को सूचित किया कि उसने अपने बचाव में गवाही देने की योजना नहीं बनाई है। अगर उन्हें दोषी ठहराया जाता तो सिंह को राज्य की जेल में अधिकतम दो साल और 10,000 अमेरिकी डॉलर तक के जुर्माने का सामना करना पड़ता। फैसले के बाद सिंह अपने वकील के साथ कोर्ट रूम से बाहर चले गए और कहा कि वह अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहते हैं और उन्होंने फोर्ट वर्थ में ब्रूक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

मार्गरेट ब्रूक्स के पिता और लंबे समय तक अर्लिंग्टन फायर फाइटर रहे ट्रॉय ब्रूक्स ने फैसले पर असहमति जताई। उन्होंने कहा कि ब्रूक्स के तीन बच्चे हैं जिन्हें हर दिन इस कहानी को यूट्यूब पर देखना पड़ता है, उनकी मां को बेवजह मार दिया जाता है और इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता है।

# पाबंदी के बाद भी नवाज शरीफ ने दिया टीवी पर भाषण,भाई शहबाज हैं पाक पीएम,मिली अघोषित छूट

**लाहोर , 30 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने पाबंदी के बाद भी बीते तीन सालों में पहली बार टेलीविजन पर भाषण दिया। भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद उनके भाषणों पर रोक लगा दी गई थी। अब चूंकि, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ पाक पीएम हैं तो कम से कम उन्हें यह राहत तो मिल ही सकती है।



पाकिस्तानी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार 72 साल के नवाज शरीफ 2019 में इलाज का बहाना बनाकर रफूचक्कर हो गए थे। वे अभी ब्रिटेन में रह रहे हैं। दोषी व भगोड़ा घोषित किए जाने के कारण पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (क्कश्वरूक्र) ने उन पर प्रसारण पाबंदियां लगा दी थीं।

### रविवार को दिया संक्षिप्त भाषण

तीन बार के प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ ने रविवार को टीवी पर एक संक्षिप्त भाषण दिया। इसमें नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक भावुक अपील की। बाढ़ ने पूरे पाकिस्तान पर कहर बरपाया है। शरीफ ने टीवी भाषण में लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने का आग्रह किया।

### गत वर्ष किया था भगोड़ा घोषित

नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) वर्तमान में गठबंधन सरकार चला रही है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने नवाज शरीफ को पिछले साल 24 जून को भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में अदालत में पेश नहीं होने पर भगोड़ा घोषित किया था। इससे पहले नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के दो मामलों - एवेनफील्ड और अल-अजीजिया में 10 साल और 7 साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने जहां एवेनफील्ड मामले में शरीफ की जेल की सजा को निलंबित कर दिया, वहीं पीएमएल-एन के प्रमुख ने खराब स्वास्थ्य आधार पर अन्य मामले में जमानत ले ली। इससे उनके विदेश जाने का रास्ता साफ हो गया था।

### स्वदेश लौटने की मिल सकती है छूट

पाकिस्तान में अटकलें हैं कि छोटे भाई व पाक पीएम शहबाज शरीफ पूर्व पीएम नवाज शरीफ को स्वदेश लौटने के लिए कुछ नियमों में छूट दे सकते हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ने भी नवाज शरीफ के सितंबर तक स्वदेश लौटने के संकेत दिए हैं। कुछ समय बाद उनके खिलाफ लंबित मामले वापस भी लिए जा सकते हैं।

# सैनिकों की कमी से जूझ रहा रूस, अमेरिका का दावा-नई भर्ती में कामयाब नहीं होंगे पुतिन

**वॉशिंगटन , 30 अगस्त 2022।** छह माह से ज्यादा समय से यूक्रेन के साथ जंग लड़ रहे रूस को वहां सैनिकों की कमी से जूझना पड़ रहा है। अमेरिका का दावा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना में 1,30,000 से ज्यादा सैनिकों की नई भर्ती की योजना बनाई है, लेकिन वह कामयाब नहीं होगी।



अमेरिकी वेबसाइट ने एक रक्षा अधिकारी के हवाले से यह न्यूज रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि पिछले सप्ताह पुतिन ने रूस की सैन्य क्षमता 19 लाख जवानों से बढ़ाकर 20.40 लाख करने का आदेश जारी किया है। इसके लिए भर्ती अगले साल शुरू होगी।

अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, रूस ऐतिहासिक रूप से सैन्य कर्मियों के भर्ती के लक्ष्य का पूरा नहीं कर पाया है। यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई से पहले यानी 24 फरवरी से पूर्व रूस 10 लाख सैनिकों के अपने लक्ष्य से 1,50,000 जवानों की कमी से जूझ रहा था। अब वह नए रंगरूटों और कैदियों की सेना में भर्ती की ऊपरी आयु सीमा को खत्म कर अपने जवानों की संख्या बढ़ाने में जुटा हुआ है।

### रूसी सेना में नए रंगरूट बूढ़े व अक्षम

अमेरिकी अधिकारी ने यह भी दावा किया कि रूसी सेना में भर्ती किए गए कई रंगरूट बूढ़े, शारीरिक रूप से अक्षम और उपयुक्त प्रशिक्षण विहीन हैं।

# विक्रमसिंघे ने पेश किया अंतरिम बजट,भारत-चीन के हस्तक्षेप से दूर रहने की वकालत की

**कोलंबो , 30 अगस्त 2022।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ बेलआउट पैकेज पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने संसद में एक अंतरिम बजट भी पेश किया, जिसका उद्देश्य राजस्व को बढ़ावा देना और द्वीप देश के सबसे खराब आर्थिक संकट से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना है। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे देश के वित्त मंत्री भी हैं। उन्होंने संसद को बताया कि अंतरिम बजट देश में अब तक मौजूद आर्थिक ढांचे को बदलने की नींव रखेगा।

### विक्रमसिंघे बोले- आईएमएफ के साथ बेलआउट पैकेज पर बातचीत सफल

विक्रमसिंघे ने कहा कि आईएमएफ के साथ बेलआउट पैकेज पर बातचीत सफल रही है और अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमारे देश को कर्ज की मदद प्रदान करने वाले प्रमुख देशों के साथ ऋण पुनर्गठन पर चर्चा होगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू कर रहा है। आईएमएफ की एक टीम वर्तमान में बेलआउट कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए श्रीलंका में है, जो देश के मौजूदा आर्थिक संकट के लिए मारक हो सकता है।



राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और आईएमएफ टीम ने पिछले हफ्ते श्रीलंका के मौजूदा आर्थिक संकट का विश्लेषण किया और बेलआउट पैकेज को अंतिम रूप देने और नकदी की कमी वाले देश के लिए एक कर्मचारी-स्तर के समझौते को सुरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण बातचीत की। आईएमएफ ने स्वीकृत की जा रही किसी भी सुविधा के लिए एक प्रमुख तत्व के रूप में ऋण पुनर्गठन निर्धारित किया है। वैश्विक ऋणदाता से बेलआउट के बाद श्रीलंका को ब्रिजिंग फाइनेंस की सख्त जरूरत है।

### भारत-चीन पर निशाना

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को सभी पक्षों से अपील की कि वे देश के सबसे खराब आर्थिक संकट से निपटने के लिए एकता सरकार में शामिल हों और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं को इसे हस्तक्षेप के उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने से रोकें। देश के हंबनटोटा बंदरगाह पर एक उच्च तकनीक वाले चीनी जहाज के डॉकिंग पर भारत और चीन के बीच मौखिक संघर्ष के कुछ दिनों बाद उनकी टिप्पणी यह टिप्पणी आई।

विक्रमसिंघे ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि हम अब ऋण सहायता पर निर्भर राष्ट्र नहीं रह सकते हैं। हमें अब मजबूत अर्थव्यवस्था वाले अन्य देशों द्वारा हस्तक्षेप के साधन के रूप में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। उनकी टिप्पणी चीन और भारत के श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर %युआन वांग 5% के डॉकिंग पर मौखिक रूप से भिड़ने के कुछ दिनों बाद आई है। बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दलों को एक सर्वदलीय सरकार में शामिल होने के निमंत्रण को दोहराता हूं।

# नशे में धुत्त था निजी स्कूल बस का चालक,समाजसेवी अमिताभ की सक्रियता से बची स्कूली बच्चों की जान

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

सोमवार दोपहर जिला मुख्यालय में एक समाजसेवी की सक्रियता से नन्हे छोटे स्कूली बच्चों की जान बच गई, स्कूल बस का चालक बच्चो को लेकर उन्हे घर छोड़ने के लिए निकला था लेकिन उसने इतना शराब पी रखा था कि वह वाहन चलाने की स्थिति में नही था। शहर में विभागीय लापरवाही कहे या कि स्कूल प्रबंधनों की लालफिताषाही इससे ही शराबी प्रवृत्ति के चालकों के हौसले बुलंद है। जिस पर यदि समय रहते रोक नही लगा तो कोई गंभीर हादसा कभी भी हो सकता है। जिले का परिवहन विभाग लाईसेंस बनाने और यातायात विभाग भी सिर्फ और सिर्फ गरीब और कमजोर तबके के लोगों का चालान काटने तक सीमित तक रह गया है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के रामपुर में संचालित एक निजी स्कूल में शहर सहित आसपास के कई ग्रामीण व शहरी इलाकों से छात्र अध्ययन हेतु आते हैं इनमें से कई ऐसे छात्र हैं जो कि स्कूल प्रबंधन द्वारा हायर की गई बसों से अपने घरो से आना - जाना करते हैं। सुबह सभी छात्रों को स्कूल में छोड़कर बस चालक वहीं परिसर के आसपास ही आराम करते देखे जाते है। सोमवार दोपहर हुई इस घटना के बारे में शहर के समानता क्रांति समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने बताया कि जब वे सोमवार दोपहर रामपुर से गुजर रहे थे तो उस दौरान उक्त स्कूल की बस में बच्चे चिल्ला रहे थे,तब उन्होने पास जाकर बच्चो से बात की तो बच्चो ने बताया कि चालक ने अत्यधिक शराब का सेवन किया है और बस को पलटाते पलटाते बचा दिया। तब वे स्वयं चालक तक गए तो पता चला कि वह शराब के नषे मे धुत्त है और ठीक ढंग से बात भी नही कर पा रहा है और गाड़ी चला रहा था। तब उन्होने कोतवाली पुलिस को इसकी खबर दी जिस पर चालक ने पुलिस को आते देख भागने का प्रयास किया लेकिन उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। संस्था के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने बताया कि यदि वे बच्चो की आवाज को अनसुना कर चल देते और चालक बस लेकर निकल गया होता तो आज कोई बड़ी घटना घट सकती थी। उन्होने इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन को भी जिम्मेदार माना और कहा कि सभी स्कूल प्रबंधन लापरवाही कर रहे हैं बच्चो की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है न तो स्कूल प्रबंधन और न ही संबंधित विभाग कभी ऐसे वाहन चालको की जांच पड़ताल करता है और न ही उन पर नजर रखी जाती है। आज उस स्कूल बस में कई बच्चे सवार थे जिनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा था लेकिन समाजसेवी अमिताभ गुप्ता की सक्रियता से कोई अनहोनी नही हुई। इसके लिए लोगो ने खुले दिल से समाजसेवी की तारिफ की है। ज्ञात हो कि समाजसेवी अमिताभ गुप्ता अपनी समिति के माध्यम से गरीब तबके के लोगो को ठंड में गर्म कपड़े उपलब्ध कराने से लेकर,कोरोना काल में भी अनेक उल्लेखनीय कार्य किया है जिसकी हर लोग मुक्त कंठ से प्रषंसा करते है।

## क्यों मूकदर्शक बना हुआ है परिवहन और यातायात विभाग




### क्या करता है यातायात और परिवहन विभाग

जिला मुख्यालय में कहने को तो यातायात और परिवहन विभाग का कार्यालय भारी स्टाफ के साथ काम कर रहा है लेकिन विभाग क्या काम कर रहा है यह सभी को मालूल है। देखा जाए तो इसमें से यातायात विभाग का अमला आए दिन कहीं न कहीं वाहन चेकिंग के नाम पर गरीब और कमजोर तबके के लोगों का चालान काट कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। जबकि परिवहन विभाग की जिम्मेदारी यह है कि वह समय समय पर अनफिट यात्री वाहनों की भी जांच पड़ताल करे। स्कूली बसों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो मापदंड तय किये गये है उस मापदंड के आधार पर बसों का संचालन हो रहा है या नही। उन बसों के चालक भी पूरा मापदंड रखते हैं या नही या कि वे शराब के नषे में तो वाहन नही चला रहे हैं इन सभी चीजो को जांचने परखने और कार्यवाही करने का पूरा अधिकार परिवहन और यातायात विभाग को है लेकिन कभी यह देखने सुनने को नही मिला कि विभाग द्वारा इस प्रकार की कोई कार्यवाही की गई हो। और तो और जिले का परिवहन विभाग भी सिर्फ और सिर्फ लाईसेंस बनाने और उनका नवीनीकरण करने तक सीमित रह गया है। सबसे दिलचस्प पहलू तो यह है कि सोमवार को जिस स्कूल बस के चालक द्वारा यह घटना घटित की गई उस स्कूल की दूरी जिला परिवहन कार्यालय से मात्र 300 फिट ही होगा। यदि वाहन चालक शराब के नषे में यदि वाहन चला रहा है तो इसकी भी मषीन द्वारा समय-समय पर जांच की जानी चाहिए लेकिन इस प्रकार की कार्यवाही कभी यहां नही होती है जिससे कि शराबी किस्म के वाहन चालक इस प्रकार की घटना को अंजाम देने पर ऊतारू हैं।


# क्या 36 गांव जोड़ने के बाद भी कोरिया होगा छोटा जिला ?

» कोरिया बचाव मंच के संघर्ष को मिली सफलता,बचरा पोड़ी व 36 गांव कोरिया में शामिल,जारी हुआ राजपत्र।
» कोरिया के अस्तित्व को बचाने के लिए स्थानीय विधायक भी डटी रहीं रायपुर में।
» कोरिया को भले ही 2 ब्लॉक से संतुष्ट होना पड़ेगा पर 36 गांव का जुड़ना संघर्ष की देन है।
» पूरा न्याय नहीं तो पूरा अन्याय भी नहीं जिले विभाजन में उत्पन्न समस्या को शांत करने का प्रयास।

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**




छत्तीसगढ़ राजपत्र
(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

कोरिया विभाजन से बना नया जिला एमसीबी की घोषणा होते ही कई प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, इस जिले के बनने से जहां हर्ष का माहौल होना था वहां पूरा माहौल ही विरोध का हो गया था, विरोध भी तरह-तरह के देखे गए थे कोरिया बचाओ मंच का विरोध थकी कोरिया के साथ अन्याय हो रहा है, चिरमिरी की बनी हुई समिति का विरोध था कि मुख्यालय चिरमिरी में नहीं बन रहा, वहीं जिला विभाजन के बाद भी जनकपुर की समस्या वही की वही रहे सिर्फ लाभ राजनीति हो गया।

कोरिया जिला विभाजन के बाद बचरापोड़ी क्षेत्र को लेकर आज संशय दूर हो गया। पहले इसके एमसीबी जिला में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन आज राज्य सरकार द्वारा जारी राजपत्र में नवीन तहसील बचरा पोड़ी के 15 हल्का पटवारी के 36 गांव अब कोरिया जिला में शामिल रहने की अधिसूचना जारी हो गई। इसके साथ ही कोरिया की पहचान कोड़ियागढ़ पहाड़ भी कोरिया में रहेगा। कोरिया बचाव मंच ने इसके बावत सौ दिन से भी ज्यादा अनवरत अनशन किया। मंच के संस्थापक शैलेष शिवहरे, विजय सिंह ठाकुर, पण्डित अनिल शर्मा, मेवालाल नेटी, बसन्त राय सहित अनेक लोगों ने इसके लिए मुख्यमंत्री लेकर राज्यपाल व यहां तक कि हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया। दावा-आपत्ति में भी हजारों की संख्या में आपत्ति लगाई गई। जिसका रिजल्ट आज सामने हैं। वही स्थानीय विधायक अम्बिका सिंहदेव ने बचरपोड़ी को नई तहसील बनवा कर इन 36 ग्रामों को कोरिया में शामिल करवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। बताया जाता है कि इसके लिए वह कई दिनों तक रायपुर में डटी भी रहीं।

### बचरपोंड़ी तहसील का यह होगा स्वरूप

राजस्व निरीक्षक मंडल पोड़ी के पटवारी हल्का क्र. 23, 24, 25, 28, 29, 30, 31, 32 एवं 33 के कुल 23 ग्राम-, राजस्व निरीक्षक मंडल रतनपुर के पटवारी हल्का क्र. 26 एवं 27 के कुल 104 ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल खडगवा के पटवारी हल्का क्र. 19 एवं 20 के कुल 05 ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल उधनापुर हल्का क्र. 21 एवं 22 के कुल 04 ग्राम, अतः कुल 15 पटवारी हल्का के 36 ग्राम नवीन तहसील पोडी (बचरा) में शामिल होंगे।

### पुराने जिले के पास दो ब्लॉक,नये जिले के पास तीन ब्लॉक

जिस जिले से विभाजित होकर नया जिला बना उसके पास तीन ब्लॉक होंगे, वही पुराने ने जिले को दो ब्लॉक से ही संतुष्ट होना पड़ेगा, कुछ ऐसी स्थिति तहसील की भी है और कुछ यही हाल थाना क्षेत्र का भी है, पुराने जिले में चार थाना ही रहेगा जबकि बाकी आठ थाने नए जिले में रहेगा 36 गांव जुड़ने से थोड़ा कोरिया को राहत है पर इतनी भी राहत नहीं है जितनी इस पुराने जिले में होनी चाहिए था पर जहां ना था वहां पर हां होना ही संघर्ष की जीत मानी जा रही है।

### 2 जिले में तीन विधायक दो कलेक्टर एक दूसरे पर करेंगे हुकूमत

कोरिया जिले का भले ही विभाजन हो गया हो पर इस कोरिया से बने 2 जिलों में जहां वर्तमान में 3 विधायक होंगे 2 एसपी होंगे, दो कलेक्टर होंगे पर सब एक-दूसरे के विधानसभा के एक दूसरे जिले से जुड़े होने की वजह से 2 कलेक्टरों पर अपनी हुकूमत चलाएंगे, वह हुकूमत कैसी होगी इसे ऐसे समझा जा सकता है, सोनहत भले ही कोरिया जिले में आएगा पर विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत रहेगा जहां के विधायक सोनहत क्षेत्र के लिए कोरिया कलेक्टर के संपर्क में रहेंगे, कुछ ऐसा ही मनेन्द्रगढ़ विधायक का होगा क्योंकि उनका विधानसभा भले ही मनेन्द्रगढ़ रहेगा, पर उनके विधानसभा का क्षेत्र कोरिया जिले आएगा, जिन के कामों को लेकर मनेन्द्रगढ़ विधायक को भी कोरिया के विधायक पर हुकूमत करनी होगी, कुछ ऐसा ही हाल बैकुन्ठपुर विधायक का भी रहेगा क्योंकि इनका विधानसभा भले ही बैकुंठपुर रहेगा पर इनके क्षेत्र भी नए जिले में आएगा।

## पत्रकार व पुलिस टीम के बीच फाइनल क्रिकेट मैच में पुलिस टीम विजेता और उपविजेता पत्रकार टीम हुआ

-संवाददाता-

**वाड्रफनगर,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर अनुभाग में नशा मुक्ति अभियान को लेकर सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में बलरामपुर जिले के पुलिस की एक अनूठी पहल में विभिन्न प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया है।



जिसमें अनुभाग से आए सभी स्कूल और कॉलेज के छात्र एव छात्राओं को जो खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत दर्ज कराई है और बचे हुए शेष प्रतियोगिता में अंतिम चयन का प्रक्रिया आज पूर्ण करते हुए करेंगे छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम जी के साथ बलरामपुर जिले के कलेक्टर विजय दयाराम , पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग , जिला पंचायत सीईओ रीता यादव , वन मण्डलाधिकारी विवेकानंद झा सहित जिले एवं अनुभाग के सभी अधिकारियो और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो के साथ चयनित प्रतिभागियों को करेंगे पुरस्कृत ।

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर वाड्रफनगर एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस जिला बलरामपुर के द्वारा खेल प्रतियोगिता वाड्रफनगर के स्टेडियम ग्राउंड में कराया जा रहा है ।

पुलिस एवं पत्रकार टीम के बीच हुए फाइनल क्रिकेट मैच में पत्रकार टीम के कप्तान धीरेन्द्र द्विवेदी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिए । पत्रकार टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट खो कर सिर्फ 76 रन ही बना पाए । जिस पर पुलिस टीम के कप्तान अनिल विश्वकर्मा ने अपने टीम फिट कर बड़े आसानी से 77 रन का लक्ष्य को पूर्ण किया ।

पुलिस टीम ने जीत के 77 रन को 10वें ही ओवर में 4 विकेट खोकर पूर्ण कर लिया । पुलिस टीम के कप्तान अनिल कुमार विश्वकर्मा ने कहा की खेल प्रतियोगिताओं का नशा मुक्ति अभियान पर किया गया है जिससे लोगों का खेल के प्रति भावना जागृत हो और हमारी टीम फाइनल मैच जीती पत्रकार टीम उपविजेता रहे सभी को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किए । निश्चित तौर पर खेल प्रति योगिताओं का आयोजन होने से बच्चों एवं युवाओं में खेल को लेकर काफी उत्साह रहा और यहां के प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि सभी का सहयोग भी काफी सराहनीय रहा ।वाड्रफनगर स्टेडियम हाई स्कूल ग्राउंड में लोगों की काफी संख्या में भीड़ थी और फाइनल क्रिकेट मैच का नगरवासियो के साथ शिक्षक सहित छात्र एवं छात्राओं ने खूब आनंद लिया द्य छात्रों में खेल प्रतियोगिता को लेकर काफी खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है ।

# एनकेएच में रेलवे कर्मी की गर्भवती पत्नी की मौत पर मचा बवाल

## रेलवे कर्मचारियों ने न्याय के लिए निकाला कैंडल मार्च

-राजा मुखर्जी-

**कोरबा ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



हॉस्पिटल (एनकेएच) हॉस्पिटल में गर्भवती पुष्पा राठौड़ की मौत का मामला पकड़ा तूल। रेल कर्मचारी करण राठौर की पत्नी पुष्पा राठौर के इंसाफ के लिए रेलवे अधिकारी व कर्मचारी एकजुट हुए। कोरबा रेलवे स्टेशन के सामने से एआरएम ऑफिस होते हुए दुर्गा मंदिर तक शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। वहीं एआरएम कोरबा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा पुष्पा राठौर को कोरबा के कोसाबाड़ी चौक स्थित न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई। इसे लेकर मृतका के परिजनों कढ्ढ कहना है के, डॉक्टर की लापरवाही के कारण जच्चा बच्चा की मौत हुई है। इसमें जो भी डॉक्टर की लापरवाही है ,उन सभी दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ,जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं साथ ही क्षतिपूर्ति की भी मांग करते हैं।

# अहिरन नदी में बहे दो बच्चे

## एक का मिला शव,दूसरे की तलाश जारी

-संवाददाता-

**कोरबा ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

कोरबा जिले में मंगलवार को दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। यहां विकास नगर की एमडी कॉलोनी के रहने वाले दो बच्चे दोपहर में करीब 12 बजे साइकिल से अहिरन नदी के पास गए थे। चूंकि मंगलवार को हरतालिका तीज और कल गणेश चतुर्थी होने के कारण स्कूलों में दो दिन की छुट्टी है, इसलिए बच्चों ने भी घूमने का प्लान बनाया। इन दोनों के साथ कॉलोनी के 2 और बच्चे भी साथ थे। अहिरन नदी के किनारे पहुंचने पर दोनों छात्रों गर्व बनवाल ( 12 वर्ष) और तन्मय कुमार ( 10 वर्ष) ने नहाने का मन बनाया। बारिश के मौसम के कारण नदी बिल्कुल लबालब है, जिसके कारण बच्चों को इसका अंदाजा नहीं हो सका। नदी में उतरने के साथ ही गर्व बनवाल तेज बहाव में फंस गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए पास ही में तैर रहे तन्मय ने अपना हाथ दिया, लेकिन वो भी खुद को संभाल नहीं सका और दोनों डूब गए। जैसे ही दूसरे बच्चों ने उन्हें डूबते देखा, उन्होंने शोर मचाकर लोगों को बुलाना शुरू किया और कॉलोनी में जाकर परिजनों को भी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ नदी के किनारे लग गई।



कुसमुंडा पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी नवीन देवांगन ने कहा कि फिलहाल एक बच्चे का शव मिल गया है, वहीं दूसरे बच्चे की तलाश नदी में की जा रही है। इसके लिए ग्रामीणों और गोताखोरों को उतारा गया है। नदी किनारे दोनों बच्चों की साइकिल मिली है। गर्व और तन्मय बिकन इंग्लिश स्कूल कुसमुंडा के छात्र थे। गर्व पांचवीं और तन्मय चौथी कक्षा में पढ़ता था। वहीं परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बालकृष्ण पाठक ने औषधि पौधों का किया निशुल्क वितरण

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

वन मंडल कार्यालय बैकुंठपुर के प्रांगण में औषधि पौधे का निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसके मुख्य अतिथि पादप बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष व राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त बालकृष्ण पाठक रहे, जिनके दौरा औषधि पौधों का निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां मुख्य अतिथि के द्वारा औषधि पौधों का वितरण किया गया, इस दौरान कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे पर विधायक समर्थित लोग इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखें जो चर्चा का विषय बना रहा, आखिर एक बार फिर कांग्रेस के कार्यक्रम में गुटबाजी देखने को मिली आखिर यह गुटबाजी कब थमेगा इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं?



औषधि पौधा वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बालकृष्ण पाठक ने कहा कि इस समय औषधि पौधों का काफी महत्व है और औषधि पौधे अत्यंत जरूरी है क्योंकि यह हमारे लिए लाभकारी होते हैं और इस पौधे से तमाम तरह की बीमारियां से बचा जा सकता है जो हमारे शरीर को बिना कोई साइडइफेक्ट के स्वस्थ रखा जा सकता है। मुख्य अतिथि ने कहा की गिलोय, दहीमन, अश्वगंधा, हडजोड जैसे औषधि पौधे काफी असरदार होते हैं और कई बीमारियों के लिए लाभदायक होते हैं जिसका इस्तेमाल कई डॉक्टर भी करने का सलाह देते हैं।

# बनियान को नकाब बनाकर शटर तोड़ अंदर घुसा चोर,फिर पैसे और सामान लेकर भाग निकला

-संवाददाता-

**कोरबा ,30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

जिले में एक चोर ने मेडिकल दुकान के अंदर से चोरी कर ली। उसने अपनी बनियान से ही नकाब बना रखा था। इसके बाद वह शटर तोड़कर अंदर घुसा, फिर पैसे और सामान लेकर भाग निकला है। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला मणिकपुर चौकी क्षेत्र का है। बांकी मोंगरा निवासी कीर्ति कुमार शर्मा बुधवारी बाईपास मुख्य मार्ग पर अंबिका मेडिको के नाम से मेडिकल दुकान चलाते हैं। उन्होंने रोज की तरह सोमवार को भी अपनी दुकान खोली थी। रात को समय होने पर वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान रात को यह वारदात हुई । मामले का पता तब चला सका है, जब सुबह संचालक दुकान खोलने पहुंचे । इसके बाद उन्होंने देखा कि दुकान की शटर टूटी हुई थी। अंदर भी सामान बिखरा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि 25 हजार कैश भी गल्ले से गायब है। कुछ सामान भी अंदर से गायब हैं। इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पुलिस से भी इसकी शिकायत की गई ।




खबर मिलने पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची, साथ में सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। उसमें एक चोर अंदर घुसता दिखाई दे रहा ।अंदर घुसने के बाद उसने गल्ला तोड़कर पैसे पार किए । इसके अलावा दुकान के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे से भी पता चला कि आरोपी चोर ने पहले शर्ट उतारकर अपनी बनियान उतारी,उसे ही नकाब बनाया, फिर वह दुकान के अंदर दाखिल हुआ था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी करे राज्य सरकार:देवेन्द्र तिवारी

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 30 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



पूर्व जिपं सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी प्रेमाबाग में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल के समर्थन में धरना स्थल पर पहुँचे। उनके साथ भाजयुमो जिला महामंत्री शारदा गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र राजवाड़े भी मौजूद रहे।। उन्होंने राज्य कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं एचआरए कर्मचारियों का अधिकार है।इसे शासन द्वारा समय समय पर न देना वित्तीय घोटाला है।राज्य शासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के केन्द्र सरकार के बराबर महंगाई भत्ते की मांग के लिए शुरू किए जा रहे हड़ताल का समर्थन करते हुए डीए से वंचित किये जाने के निर्णय को भूपेश सरकार की हठधर्मिता बताया है।उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता को किये गए वादे पूरी नहीं कर पा रही है। और अब नियमों को ताक में रखते हुए जबरन कर्मचारी हितों के विरुद्ध जाकर काम कर रही है। श्री तिवारी ने कहा कि सरकार को शीघ्र डीए एवं उसका एरियर्स राज्य के कर्मचारियों को प्रदाय किया जाना चाहिए।

अपने अधिकार को भी छ्ग के कर्मचारियों को इतिहास में पहली बार आन्दोलन करके मांगना पड़ रहा है। क्योंकि यह बिन मांगे ही सरकार को जिम्मेदारी पूर्वक देना होता है,जो छ्ग सरकार नही कर पाई है। सरकार का यह एक क्रूर व्यवहार है जो अधिकारी कर्मचारी के साथ उनके परिवार के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। आज मजबूर होकर राज्य शासन के कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं, यह छत्तीसगढ़ के उन्नति के लिए ठीक नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि यदि राज्य सरकार कर्मचारी हित में शीघ्र निर्णय नहीं करती है तो हम कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए हम सामाजिक कर्तव्य मानते हुए आंदोलन में प्रत्यक्ष रूप से सामिल होने का भी प्रस्ताव रखेंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव कर्मचारी हितों के लिए लड़ाई लड़ी है।हमारा प्रदेश नेतृत्व भी आप सभी के साथ है। हम अपने नेतृत्व तक आपकी बातों को।लिखित रूप में पहुचायेंगे। निश्चित ही राज्य सरकार पर बड़ा दबाव बनेगा।

CMYK

# हांगकांग के खिलाफ विराट कोहली का रिकॉर्ड ध्वस्त करने उतरेंगे रोहित शर्मा

### इस लिस्ट में धोनी हैं नंबर वन

**नई दिल्ली ,30 अगस्त 2022।** एशिया कप 2022 में भारत ने अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ किया। चिर-प्रतिद्वंदी टीम को हराने के बाद टीम इंडिया का अगला मैच हांग कांग के खिलाफ 31 अगस्त बुधवार को है। इस मैच को जीतकर भारत सुपर 4 में अपनी जगह पक्की करेगा। हांग कांग के खिलाफ टीम इंडिया के जीत दर्ज करते ही रोहित शर्मा विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। यह रिकॉर्ड है टी20आई क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने अभी तक 36 मुकाबले खेले हैं जिसमें मात्र 6 ही बार हार टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 30 बार भारत जीता है। वहीं विराट कोहली की बात करें तो कोहली ने बतौर कप्तान भारत को 50 में से 30 मुकाबले जीताए हैं। अगर रोहित कल जीत दर्ज करने में कामयाब रहते हैं तो वह टी20आई क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल कप्तान बन जाएंगे।

बतौर कप्तान भारत को सबसे ज्यादा मैच जीताने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। इस पूर्व कप्तान की अगुवाई में भारत ने 72 में से 41 मुकाबले जीते हैं।

### टी20आई क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान

**धोनी - 41 जीत**
**विराट कोहली - 30 जीत**
**रोहित शर्मा - 30 जीत**

पाकिस्तान पर पहले मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन में मुश्किल ही बदलाव करेंगे। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बावजूद रोहित शर्मा केएल राहुल और विराट कोहली को अधिक से अधिक मौके देना चाहेंगे ताकि वह अपनी लय हासिल करें। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित ने पंत के ऊपर कार्तिक को खिलाया था, हांग कांग के खिलाफ भी पंत का खेलना मुश्किल ही दिखाई दे रहा है।




## ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका

### स्टार ऑलराउंडर टखने की चोट के चलते हुए बाहर

**नई दिल्ली ,30 अगस्त 2022।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की चोट के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम का साथ छोड़ मार्श अब पर्थ के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि सितंबर में भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में वह वापसी कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को 21 सितंबर से भारत दौरे पर तीन टी20 मैच खेलने हैं। अगर मार्श इस सीरीज तक फिट नहीं होते हैं तो आगामी टी20 वर्ल्ड कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ जाएगी। स्टीव स्मिथ ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करते हुए मार्श को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देने पर ध्यान दिया जाएगा। स्मिथ ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा मार्श ने हाल ही में लिमिटेड ओवर क्रिकेट में काफी अच्छा खेल दिखाया है। जिस तरह से हमने थोक ऑलराउंडरों के साथ अपनी टीम बनाई, वह उसका एक बड़ा हिस्सा था। यह मिच के लिए निराशाजनक है लेकिन कुछ महत्वपूर्ण चीजें सामने आ रही हैं।



वह पिछले साल हमारे टी20 विश्व कप अभियान का बड़ा हिस्सा था और मुझे यकीन है कि इस साल उसके लिए बड़ी योजनाएं हैं। प्राथमिकता उसे उसके लिए सही करना है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस को टीम में मार्श के रिप्लेसमेंट के रूप में तैयार किया गया है और वह जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान टीम के साथ रहेंगे। इंगलिस लंदन स्पिरिट का हिस्सा हैं, जो द हंड्रेड 2022 के फाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ में हैं। वह ग्लेन मैक्सवेल के स्थान पर स्पिरिट में शामिल हुए थे और राष्ट्रीय टीम में बुलाए जाने से पहले उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक ही मैच खेला था।

## बेलग्रेड में विश्व महिला कुश्ती के लिये भारतीय टीम फाइनल




**लखनऊ,30 अगस्त 2022।** सरबिया के बेलग्रेड में 10 से 18 सितम्बर के बीच खेली जाने वाली विश्व महिला कुश्ती चैंपियनशिप के लिये भारतीय टीम का चयन किया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केन्द्र के कुश्ती हाल में विश्व चैंपियनशिप के लिये भारतीय टीम की चयन प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह के नेतृत्व में हुआ जिसमें हरियाणा और आरएसबीपी की खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

पचास किलोग्राम भारवर्ग में हरियाणा की अंकुश,53 किग्रा में आरएसबीपी के विनेश, 55 किग्रा भारवर्ग में दिल्ली की सुषमा शौकीन , 57 किग्रा वर्ग में आरएसबीपी की सरिता का चयन हुआ जबकि 59 किग्रा भारवर्ग में हरियाणा की मानसी, 62 किग्रा में हरियाणा की सोनम,65 किग्रा के हरियाणा की शैफाली, 68 किग्रा में आरएसबीपी की निशा, 72 किग्रा के हरियाणा की रितिका और 76 किग्रा में हरियाणा की प्रियंका ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये अपना टिकट पक्का कर लिया।

इस अवसर पर साई लखनऊ के कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत मौजूद थे।

## युवा महिला खिलाड़ियों की मदद के लिए एएफआई ने 'एचएसबीसी इंडिया' से साझेदारी की

**मुंबई ,30 अगस्त 2022।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देश में युवा महिला खिलाड़ियों के समर्थन के लिए सोमवार को 'एचएसबीसी इंडिया' के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत प्रतिभावान लड़कियों को अंडर-14 और अंडर-16 श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से चुना जाएगा और वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया जायेगा। एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने इस साझेदारी के शुभारंभ पर कहा, '' चयनित एथलीटों के लिए विशेष कोचिंग शिविर स्थापित किए जाएंगे और उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा।' उन्होंने कहा, ''एचएसबीसी के साथ साझेदारी विभिन्न 'ट्रैक एवं फील्ड' वर्ग में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और उनका समर्थन करने में मदद करेगी। इससे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनके प्रदर्शन का स्तर भी बढ़ेगा।''




एचएसबीसी इंडिया के महाप्रबंधक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हितेन्द्र दवे ने कहा, '' हम अपनी महिला एथलीटों का समर्थन करने को तैयार है। हमारी कोशिश है कि उन तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित हो।'' इस मौके पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की पहली पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता प्रियंका गोस्वामी (10,000 मीटर पैदल चाल) और अन्नू रानी (भाला फेंक) और एशियाई खेलों की रजत विजेता (400 मीटर) हिमा दास भी मौजूद थीं।

## फुटबॉल के दीवाने गोवा में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है फुटसाल

**पणजी ,30 अगस्त 2022।** गोवा को फुटबॉल की दीवानगी के लिए जाना जाता है लेकिन इस राज्य में अब इस खेल का छोटा प्रारूप फुटसाल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है जो कि इंडोर में हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला एक खेल है। पिछले 10 वर्ष से भी कम समय में राज्य में फुटसाल के 15 से अधिक मैदान तैयार किए गए और प्रमोटर्स इसे फुटबॉल खिलाड़ियों की नर्सरी करार देते हैं जहां उन्हें इस खेल का ककहरा सीखने में मदद मिलती है। गोवा फुटसाल एलायंस के अध्यक्ष बेंजामिन सिल्वा ने पीटीआई से कहा कि उन्होंने 2016 में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए शुरुआती कदम उठाए थे और अब उसके सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं।

सिल्वा ने कहा कि यह सफर



आसान नहीं रहा क्योंकि गोवा फुटबॉल संघ ने किसी भी तरह की मदद देने से इनकार कर दिया था। गोवा फुटबॉल संघ विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा,'' हमने अपने प्रयासों से ही कार्य जारी रखा। हमारा लक्ष्य राज्य में अधिक से अधिक फुटसाल खिलाड़ियों को तैयार करना है।'' उचित आधारभूत ढांचा नहीं होने के कारण फुटसाल को राज्य में अपने पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन अब इसके पर्याप्त मैदान हैं और कई टीमें इस खेल को खेल रही हैं। फुटबॉल में जहां दोनों टीमों में मिलाकर 22 खिलाड़ी भाग लेते हैं वहीं फुटसाल में केवल 10 खिलाड़ियों की जरूरत पड़ती है जिसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

## हुड्डा,पंत,अश्विन.क्या इनको मौका मिलेगा?

**हांगकांग के खिलाफ ऐसी हो सकती है प्लेइंग 11**

**दुबई, ,30 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम को एशिया कप के ग्रुप ए मुकाबले में अगला मुकाबला बुधवार को हांगकांग के खिलाफ खेलना है। इस मैच में जमकर प्रयोग होने की उम्मीद है क्योंकि मुकाबला एकतरफा ही होने के आसार हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ केएल डक पर आउट हो गए थे, तो शायद टीम प्रबंधन उनकी जगह पर ऋषभ पंत को जगह देने की सोच रखे। पर राहुल को बाहर करना आसान नहीं होगा, उन पर टी20 वर्ल्ड कप के लिए बड़ा दांव लगाया हुआ है। प्रयोग करने का समय आया राहुल हांगकांग के आसान गेंदबाजी अटैक पर फायर करके अपनी फॉर्म को हासिल करना चाहेंगे। कुछ ऐसा ही विराट कोहली के लिए कहा जा सकता है। यहां तक की रोहित के पास भी बहती गंगा में हाथ धोने का मौका है। रोहित पाकिस्तान के खिलाफ रंग में नहीं थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि नंबर पर रविंद्र जडेजा को भेजा जाएगा या फिर दिनेश कार्तिक की जगह भी इन क्रम पर पंत को आजमाया जा सकता है। पंत ने हाल में कुछ मैचों में ओपनिंग की थी लेकिन उनको अब जल्द अंदर लाना होगा क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही के दौरे पर बढ़िया फॉर्म दिखाई दी।

मैनेजमेंट वर्ल्ड कप से पहले उनको कुछ और मौके देना चाहेगा। इस मैच में दीपक हुड्डा को भी मौका देना चाहिए जो लगातार बेहतर फॉर्म में रहे हैं और मजबूत बल्लेबाज हैं।

## 2 सिंतबर को जी 5 पर आएगी विद्युत जामवाल की खुदा हाफिज:चैप्टर 2

विद्युत जामवाल की ऐक्शन थ्रिलर फिल्म खुदा हाफिज: चैप्टर 2 8 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म में दर्शकों को विद्युत का जबरदस्त ऐक्शन देखने को मिला था। अब फिल्म के ओटीटी पर रिलीज की घोषणा हो गई है। यह फिल्म 2 सितंबर को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 10 करोड़ 14 लाख रुपये कमाए थे। अब देखना होगा कि ओटीटी पर फिल्म को दर्शकों की कैसी प्रतिक्रिया मिलेगी।

यह फिल्म 2020 में आई फिल्म खुदा हाफिज की सीक्वल है। फिल्म का लेखन और निर्देशन फारुक कबीर ने किया है। कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक, स्नेहा बिमल पारेख और राम मीरचंदानी ने पैनोरमा स्टूडियो के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में विद्युत के साथ शिवलीका ओबेरॉय मुख्य किरदार में नजर आई हैं। जी5 ने एक पोस्टर शेयर करके फिल्म के डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की।


फिल्म समीर (विद्युत) और नरगिस (शिवलीका) की कहानी है। दोनों कई मुश्किलों का सामना करते हुए एक-




दूसरे का साथ निभाते हैं। उनकी जिंदगी में खुशियां तब आती हैं जब वे एक बच्ची को गोद लेते हैं। हालांकि, उनकी खुशी ज्यादा दिन टिक नहीं पाती और कुछ ट्विस्ट्स के बाद बच्ची का अपहरण हो जाता है। इसके बाद समीर बच्ची को सही सलामत घर लाने के लिए खुद को समर्पित कर देता है। विद्युत की फिल्म खुदा हाफिज 2020 में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। खुदा हाफिज दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इसे समीक्षकों से भी भरपूर प्यार मिला था। इस फिल्म की सफलता को देखते हुए निर्माताओं ने इसका दूसरा भाग लाने की घोषणा की थी। ऑरिजनल फिल्म का निर्देशन भी फारुक कबीर ने किया था। खुदा हाफिज के प्रशंसकों को इसके खुदा हाफिज 2 के ओटीटी पर आने का इंतजार है।

विद्युत राजपूत नेता शेर सिंह राणा की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह शेर सिंह की शख्सियत को पर्दे पर उतारेंगे। उन्होंने कमांडो 3 के निर्देशक आदित्य दत्त के साथ फिर हाथ मिलाया है। विद्युत इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभाल रहे हैं। वह अपने होम प्रोडक्शन में बन रही पहली फिल्म आईबी 71 को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर नजर आएंगे।

## कार्तिक आर्यन के साथ बन गई रश्मिका मंदाना की जोड़ी,जल्द होगा फिल्म का ऐलान!



कार्तिक आर्यन इस वक्त काफी चर्चा में रहते हैं और इस साल बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 ने ही सबसे ज्यादा कलेक्शन किया है। लेकिन इस वक्त उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा हो रही है जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। कार्तिक आर्यन के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह ताजा जोड़ी निश्चित रूप से बहुत जल्द, अगले सप्ताह या उसके बाद नजर आने वाली है। इसके अलावा इस फिल्म में कई अलग किरदार भी नजर आने वाले हैं। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को लेकर फिलहाल किसी तरह का आधिकारिक ऐलान तो नहीं हुआ है लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म काफी शानदार होने वाली है। गौरतलब है कि अगर ऐसा होता है तो फिल्म काफी शानदार होगी क्योंकि इसके पहले इन दोनो ही कलाकारों ने साथ काम नहीं किया है। इन दोनों को एक साथ देखना काफी मजेदार होने वाला है। रश्मिका मंदाना साउथ की एक शानदार अदाकारा हैं और अब अपने पैर बॉलीवुड में जमा रहीं हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि उनकी ये फिल्म काफी बेहतरीन साबित होने वाली है।

कार्तिक आर्यन एक ऐसे कलाकार हैं जो कि अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतते हैं और उनको लेकर कहा जाता है कि वो भारतीय सिनेमा का आने वाला कल हैं, वो कल के सुपरस्टार हैं। उनके कई प्रोजेक्ट्स आने वाले हैं।

## अजय देवगन ने अपनी फिल्म भोला के सेट से शेयर की एक तस्वीर

अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भोला की शूटिंग व्यस्त हैं। पिछले कुछ महीनों से जोर शोर से फिल्म की शूटिंग चल रही है। इस बीच अजय देवगन समय समय पर सेट से कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक नई तस्वीर शेयर की है, जो कि सूर्योदय के समय की है और सुपरस्टार अपना टेक दे रहे हैं।

तस्वीर शेयर करते हुए अजय देवगन ने लिखा- भोला सन रेडी फॉर सूर्य नमस्कार.. इस तस्वीर पर फैंस भी कमेंट कर अपना उत्साह जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- भोला का बेसब्री से इंतजार है अजय सर, प्लीज सेट से एक्शन मोड में अपनी एक तस्वीर कीजिए..




वहीं, एक अन्य यूजर ने फायर इमोजी के साथ लिखा- ब्लॉकबस्टर सुपरस्टार, अब आप ही बॉलीवुड को बचा सकते हो..माना जा रहा है कि ये फिल्म इंडियन सिनेमा के एक्शन से भरपूर जॉनर में हलचल मचाने जा रही है। अजय देवगन के डायरेक्शन में बनने वाली यह चौथी फिल्म एक्शन को रिडिफाइन करने जा रही है। रनवे 34 के तुरंत बाद भोला का निर्देशन करना अभिनेता के लिए कितना आसान या मुश्किल रहा.. यह पूछे जाने पर अभिनेता ने कहा, दरअसल, हमारी तैयारी पहले से ही थी। यहां सिर्फ कैमरे के पीछे फिर से आने और तीन जादुई शब्द कहने की देरी थी- लाइट्स, कैमरा, एक्शन।

हर एक्शन सीचेंस को 10 दिनों में शूट किया जा रहा है। शूटिंग के लिए न केवल शानदार सेट बनाए गए हैं, बल्कि अजय देवगन ने कुछ दम साधने वाले ऐसे सीचेंस डिजाइन करने के लिए अवार्ड-विनिंग एक्शन-डाइरेक्टर्स रमजान बुलुत और आरपी यादव के साथ साझेदारी की है, जो हैरान और विस्मित कर देंगे। कुछ बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय तकनीशियन भी भोला के शेड्यूल में शामिल किए गए हैं।

अजय देवगन और तब्बू स्टारर इस फिल्म को इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी एक्शन फिल्मों में गिना जा रहा है। साथ ही अब तक के अनदेखे स्टंट्स को बड़े पर्दे पर उतारने का अजय का सपना साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 के बाद, अजय देवगन इस हाई-ऑक्टेन एक्शन इमोशनल ड्रामा फिल्म का निर्देशन करेंगे। यह ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक होगी, जिसमें अजय देवगन और तब्बू साथ दिखेंगे।यह 30 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म को रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। तबू के अलावा, फिलहाल फिल्म से जुड़े बाकी स्टारकास्ट का नाम सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि इस रीमेक को ओरिजनल फिल्म से काफी अलग बनाया जा रहा है।




## साइड कट ड्रेस में अरबाज खान की गर्लफ्रेंड का दिखा सिजलिंग लुक



बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. अरबाज और जॉर्जिया लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. मलाइका अरोड़ा के तलाक के बाद अरबाज का नाम जॉर्जिया के साथ जुड़ा था. इसी कारण वह देखते ही देखते इंडस्ट्री में छा गई थीं.

बोल्ड लुक्स के कारण चर्चा में रहती हैं जॉर्जिया जॉर्जिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. अब एक बार फिर से जॉर्जिया ने अपनी दिलकश अदाओं का जादू अपने चाहने वालों पर चलाया है. हाल ही में जॉर्जिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज पोस्ट की हैं.फोटोज में जॉर्जिया सिल्वर कलर की साइड कट ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं. इस दौरान वह अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं.लुक को कंप्लीट करने के लिए जॉर्जिया ने न्यूड मेकअप किया है और बन बनाया हुआ है. इस लुक में वह इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है.यहां जॉर्जिया कैमरे के सामने बेबाकी के साथ अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं. इस लुक में वाकई बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं. अब कुछ ही घंटों में जॉर्जिया की ये फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गई हैं. फैंस इस पर कमेंट कर उनकी खूब तारीफों के पुल बांध रहे हैं.










## संक्षिप्त समाचार



### अधिकारी - कर्मचारी के वेतन भुगतान को लेकर आदेश जारी, इस दिन तक कार्य पर लौटने पर हड़ताल को माना जायेगा अवकाश

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** राज्य शासन ने अधिकारी / कर्मचारी के वेतन भुगतान को लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में अनिश्चित कालीन हड़ताल में शामिल कई अधिकारी / कर्मचारी जो हडताल से वापस आना चाहते है। ऐसे अधिकारी / कर्मचारी को कार्यालय में सुरक्षा दी जाएगी। वहीं हड़ताल में शामिल अधिकारी / कर्मचारी यदि दिनांक 01 सितंबर या 02 सितंबर 2022 को अपने कार्य पर उपस्थित होते हैं तो उनके हड़ताल अवधि का अवकाश स्वीकृत करते हुए उनका वेतन भुगतान किया जायेगा ।

### प्रदेश में 10 नए आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोली जाएगी


कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने 10 नए आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज Atmanand English Medium Colleges खोलने की तैयारी कर ली है। इनमें नए शिक्षा सत्र 2023-24 से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज योजना के तहत रायगढ़ में एक नया कॉलेज खोला जाएगा।

### 25 पाव शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** माना पुलिस ने कमल विहार पेट्रोल पंप के पास अवैध शराब बेचते एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को कल शाम सूचना मिली कि कमल विहार पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रमन निषाद 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मां शीतला मंदिर सिहावा में सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप

**नगरी, 30 अगस्त 2022।** 108 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ नगरी के सफ्लता पूर्वक सम्पन्न के लिए सभी सप्त ऋषियों के साथ आदिशक्ति मां शीतला सिहावा में रविवार को सवालाख गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान किया गया। सभी सप्त ऋषियों एवं मां शीतला के साथ लगभग सोलह लाख गायत्री मंत्र का जप पूरा किया गया । मां शीतला मंदिर में लगभग 300 गायत्री साधको ने अनुष्ठान में भाग लिया अनुष्ठान के बाद पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ यज्ञ में दो बहनों का पुंसवन संस्कार , एक अन्नप्रासन संस्कार एवं एक जन्मदिन संस्कार मनाया गया। अनुष्ठान एवं यज्ञ के बाद गायत्री शक्तिपीठ नगरी के ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन किया गया जिसमें 11 सदस्यों का ट्रस्ट मंडल बनाया गया। प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी रमेश कुमार सार्वा, सहायक प्रबंध ट्रस्टी बलराम कंचन एवं सचिव मदनलाल सेन , कोषाध्यक्ष रवि सोन को चुना गया।

## 'मुख्यमंत्री को बाद में मारेंगे...पहले उनको मारेंगे'...

# कर्मचारी संघ के नेता को बड़ा झटका,जमानत याचिका खारिज

### गिरफ्तारी की लटकी तलवार

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ में कर्मचारी संघ HRA-DA को लेकर हड़ताल पर है. इसी बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कर्मचारी संघ के नेता कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री को बाद में मारेंगे, पहले दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारियों को मारेंगे. इस वीडियो के बाद माहौल गर्म हो गया है. सिविल लाइन थाने में स्रढ्डक्र दर्ज कराई गई, जिसके बाद आनन-फानन में कर्मचारी संघ के नेता ने रायपुर कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है.

दरअसल, अपर सत्र न्यायधीश अमित राठौर के कोर्ट ने कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय झा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की है. विजय झा को ये बड़ा झटका है. नेता पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. षडयंत्र और भड़काने, डराने धमकाने के आरोप में कभी भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं. कोर्ट ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है.





बता दें कि सन्नी अग्रवाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. साथ ही कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय झा और आम आदमी पार्टी के नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. साथ ही आरोप लगाया है कि कर्मचारियों को भड़का और डरा धमकाकर माहकराया जा रहा है.

इसके साथ ही सन्नी अग्रवाल ने शिकायत पत्र में कहा कि कर्मचारी संघ का नेता सरकारी कर्मचारियों को डरा धमकाकर बड़े शातिराना तरीके से षडयंत्र किया है, जिसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. विजय झा वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं कि मुख्यमंत्री को बाद में मारेंगे, पहले जो कर्मचारी दफ्तर में काम करते नजर आएगा, उसको मारेंगे.

## हड़ताली कर्मचारियों के सर्विस ब्रेक आदेश का विरोध

# बीजेपी प्रवक्ता चंद्राकर ने कहा-कर्मचारी बिना डरे हक की लड़ाई लड़ें,भाजपा सरकार बनते ही रद्द होगा तानाशाही आदेश

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने हड़ताली कर्मचारियों का वेतन रोककर सर्विस ब्रेक के आदेश का कड़ा विरोध किया है. उन्होंने कहा है कि अगले साल सरकार बनते ही भाजपा कांग्रेस सरकार की तानाशाही फरमान को रद्द कर देगी. कर्मचारी बिना डरे हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ें. भाजपा राज्य के कर्मचारियों के साथ है. हर जोर जुल्म की टक्कर में कर्मचारियों के संघर्ष को भाजपा का खुला सहयोग है.



भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हर बात पर भाजपा सरकार के कंधे का सहारा लेते हैं तो वे जनता को बताएं कि भाजपा सरकार की किन-किन नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों से सहमत हैं. सरकार वर्ष 2006 के जिस परिपत्र का हवाला देकर सर्विस ब्रेक का फरमान सुना रहे हैं, वह आज के हालात में प्रासंगिक नहीं है, तब परिस्थितियां अलग थीं, वातावरण अलग था. आज तो पूरा प्रदेश अपने हक के लिए धरने पर बैठा है.

चंद्राकर ने कहा कि दरअसल यह सरकार कर्मचारी संगठनों को डीए और एचआरए जैसे सामान्य मुद्दों में उलझा कर रखना चाहती है, ताकि इनकी घोषणा पत्र के क्रमोन्नति, चार स्तरीय उच्चतर वेतनमान, समयमान वेतनमान, नियमितिकरण जैसे बड़े वादों तक आंदोलन पहुंच ही न पाए.

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि प्राकृतिक न्याय के तहत हमेशा से राज्य के कर्मचारियों को एक दो माह में ही केंद्र के समान महंगाई और गृह भाड़ा भत्ता मिलता रहा है, लेकिन सरकार राज्य के कर्मचारियों से अन्याय कर रही है और कर्मचारियों को दबाने गलत तरीके से हमारे कंधे का इस्तेमाल कर रही है.

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने भूपेश बघेल को दोमुंही नीतियां दिखाने वाले मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि वे एक तरफ तो 4 तारीख को महंगाई के विरोध में धरना प्रदर्शन करने वाले हैं और दूसरी तरफ महंगाई भत्ता का जायज हक मांग रहे. कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन से रोक रहे हैं, उन पर तानाशाही चला रहे हैं, वेतन काट रहे हैं, सर्विस ब्रेक कर रहे हैं. यह दोहरी नीति अब छत्तीसगढ़ में चलने वाली नहीं है. भाजपा विश्वास दिलाती है कि सरकार बनते ही फौरन इस तानाशाह सरकार के आदेश को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाएगा।






# झारखंड सरकार छत्तीसगढ़ शिफ्ट

## सोरेन नहीं आए,2 दिन 32 विधायकों की आरामगाह होगा मेफेयर

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए के विधायकों को रायपुर छत्तीसगढ़ एयरलिफ्ट किया गया है। बस से एयरपोर्ट जाते वक्त एक बस की खिड़की का शीशा टूटने से एक विधायक को मामूली चोट पहुंची है। बताते हैं कि कांग्रेस-जेएमएम और राजद के 32 विधायक रांची से रायपुर के लिए एयरलिफ्ट हो चुके हैं।



सीएम हाउस से 2 बस में सवार होकर सभी रांची एयरपोर्ट पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद बस में विधायकों के साथ दिखाई दिए। यहां से सभी इंडिगो की फ्लाइट से रायपुर के लिए निकल गए। वहां दो दिनों के लिए मेफेयर रिसॉर्ट में बुकिंग की गई है। विधायकों को रायपुर भेजकर सीएम अपने आवास के लिए निकल गए। इस दौरान हेमंत सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की। रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। इसी तरह रायपुर के मेफेयर होटल को भी सुरक्षा कर्मियों ने घेर लिया है। 48 घंटे तक मेहमान विधायकों से कोई नहीं मिल सकेगा। सिर्फ सीएम हेमंत सोरेन की अनुमति से ही मिला जा सकता है।

### 48 घंटे सुरक्षा पुख्ता, कोई नहीं मिल पायेगा

बता दें कि दो दिन के सियासी शांति के बाद आज दोपहर साढ़े 12 बजे से यूपीए के विधायक और मंत्री सामान के साथ ष्टरूहाउस पहुंचने लगे थे। तकरीबन 3 बजे विधायकों का सामान लेकर ष्टरूहाउस से तीन गाड़ियां निकली। इस दौरान सीएम हाउस से एयरपोर्ट तक हलचल तेज रही।

# कृष्ण कुंज की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है। कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण से जन-जन को जोड़ना और सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के वृक्षों के रोपण करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी। इसी दिन प्रदेश के नगरीय निकायों में बनाए गए कृष्ण कुंज में जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने कृष्ण कुंज की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिनके द्वारा कृष्ण कुंज की नियमित समीक्षा, सुरक्षा एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों के नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

गौरतलब है कि कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज योजना की शुरूआत की गई है। तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से खत्म हो रहे पेड़ो के अस्तित्व को बचाने और पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज बनाए जा रहे हैं। जहां पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले और भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले चंदन, रूद्राक्ष, बरगद, पीपल, कदम्ब जैसे वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। कृष्ण कुंज में आम, ईमली, बेर, गंगा ईमली, जामुन, शहतुत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, पलाश, बेल, आंवला जैसे फलदायी वृक्ष भी लगाएं जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेशभर में 2 करोड़ 20 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर और हरित कल मिल सके साथ ही राज्य हरित संपन्न बन सके।






इस क्रम में रायपुर नगरीय निकाय में विराज मुदलियार, विश्वनाथ मुखर्जी (तेलीबांधा), बीरगांव में संतोष सामंत राय, आरंग नगर पालिका में लोकनाथ ध्रुव, अभनपुर नगर पंचायत में गिरीश रजक, खरोरा में दीपक तिवारी, कुर्रा में एस.एल, बंजारे, समोदा में सतीश मिश्रा, चंदखुरी में कु. डिम्पी बैस, मंदिर हसौद में शिव चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बलौदाबाजार नगर पालिका में ए.के. व्यास, भाटापारा में हरीश कुमार देवांगन, सिमगा नगर पंचायत में ईश्वरी प्रसाद खुंटे, कसडोल में वी.एस. ठाकुर, भटगांव में आसिफ खान, पलारी में रामाधार साहू, लवन में केशरी लाल जायसवाल, टुण्ड्रा में संतोष कुमार चौहान को नोडल अधिकारी बनाया गया है। धमतरी नगरीय निकाय में एस.एस. नाविक, भखारा नगर पंचायत में महादेव कन्नौजे, मगरलोड में पंचराम साहू, नगर पंचायत नगरीय में राकेश चौबे, आमदी में राकेश तिवारी को प्रभार दिया गया है। गरियाबंद नगर पालिका में मनोज चंद्राकर, राजिम नगर पंचायत में यू.एस. ठाकुर, छुरा में सुयशधर दीवान और ,महासमुंद में तोष राम सिन्हा, तुमगांव में यू.आर. बसंत, बसना में सुखराम निराला, सरायपाली में रामलाल व्यवहार, पिथौरा में जयकांत गंडेचा नोडल है।

बिलासपुर नगरीय निकाय में सुनील बच्चन, बोदरी में सुरेन्द्र सिंह ध्रुवे, बिल्हा में राम सिंह राठिया, मल्हार में प्रकाश कुजूर, तखतपुर में अनिमेश सिंह, रतनपुर में रामकुमार सिदार, कोटा में विपिन चौबे, गौरेला में मोहन सिंह मरकाम, पेण्ड्रा में निश्चलनंद शुक्ला, कोरबा में ईश्वर कुजूर, पाली में चंद्रकांत टिकरिहा, दीपका में अशोक मन्नेवार, छुरीकला में मृत्युंजय शर्मा, कटघोरा में अभिषेक कुमार दुबे और रायगढ़ नगरीय निकाय में अमिता गुप्ता, पुसौर में देव सिंह मरावी, सरिया में चितराम राठिया, सारंगगढ़ में राजेश कुमार तिवारी, घरघोड़ा में लक्ष्मीनारायण ठाकुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

धरमजयगढ़ नगरीय निकाय में बालगोविंद साहू, लैलुंगा में बी.एस. पैकरा नोडल अधिकारी है। मुंगेली नगरीय निकाय में एम.आर. साहू, पथरिया में लक्ष्मण दास पात्रे, सरगांव में मानवेंद्र कुमार, लोरमी में सुदिक्षा वर्मा, जांजगीर चांपा नगरीय निकाय में संचित शर्मा, सारागांव में सुदर्शन सिंह जगत, सक्ती और नया बाराद्वार में लालसाय रामभगत, डभरा और खरौद में छोटेलाल डडसेना, अड़भार और जैजैपुर में जितेन्द्र कंवर, चंद्रपुर में गोपाल प्रसाद खैरवाड़, अकलतरा और बलौदा में भरत लाल धृतलहरे, शिवरीनारायण में राम कृष्ण बिंझवार, नवागढ़ और जांजगीर नैला में सुभाष सिंह कंवर नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। इसी तरह सरगुजा और कांकेर में नगरीय निकायों, नगर पंचायतों के लिए उपवनमंडलाधिकारी अम्बिकापुर, उदयपुर, सीतापुर, परिक्षेत्रा अधिकारियों को दायित्व दिया गया है।

दुर्ग नगरीय निकाय में सुमौना माहेश्वरी, भिलाई में मोहम्मद हफिज खान, चरौदा में नरेन्द्र कुमार सोनी, कुम्हारी में गोपाल कुमार ध्रुव, जामुल में यसन्ना, उतई में मोहन लाल सोनी, अमलेश्वर में डी.पी. वर्मा, धमधा में लक्ष्मीण कहार, अहिवारा में श्रवण मंडावी और बेमेतरा नगरीय निकाय में माधुरी तिवारी, बेरला में जामुल सिंह गंगबेर, परपोड़ी में मोहम्मद सलीम कुवैसी, नवागढ़ में बुधदेव गौतम, देवकर में इंद्रकुमार कसारे नोडल अधिकारी बनाए गए है। इसी तरह राजनांदगांव नगरीय निकाय में योगेश साहू, छुरिया में कलीम उल्ला, डोंगरगांव में त्रिलोक दास धृतलहरे, अम्बागढ़ चौकी में शिवेंद्र साहू और राजनांदगांव नगरीय निकाय में खैरागढ़ में देवेन्द्र गोंड़, डोगरगढ़ में टी.ए. खान, छुईखदान में दिलीप बंजारी, गंडई में एम.एल. सिदार, बालोद नगरीय निकाय में एम.सी. डाहिरे, दल्लीराजहरा में आर.के. नादुरकर, अर्जुन्दा में आर.पी. मंडावी, दौंडी में अब्दुल वाहिद खान, गुण्डरदेही में एम.के. गंगबेर, गुरूर में जी.एल. साहू, बालोद में जे.एल. सिन्हा नोडल अधिकारी बनाए गए है।

# हैदराबाद में मंत्री डहरिया ने किया कचरा निपटान की अत्याधुनिक तकनीक का अवलोकन

**रायपुर , 30 अगस्त 2022।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने हैदराबाद प्रवास के दौरान वहां कचरा निपटान तकनीक का अवलोकन किया। हैदराबाद के इंटीग्रेटेड एमएसडब्ल्यू लिमिटेड (री सस्टेने बिलिटी लिमिटेड की सहायक कंपनी) द्वारा वहां 7000 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया जा रहा है। यह कंपनी कचरे से 24 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रही है। कंपनी द्वारा कंप्रेस्ड बायो गैस सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा अत्याधुनिक तरीके से खाद का निर्माण किया जा रहा है।



मंत्री डॉ. डहरिया ने निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रक्रिया सुविधा जानने पहुंचे। सी एंड डी कं 500 मीट्रिक टन कचरा संभालती है और रेत जैसे विभिन्न उत्पादों कर्ब स्टोन्स, कंकड़ आदि का उत्पादन करती है। उन्होंने कंपनी के विजन एवं पर्यावरण सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, आर.एम.सी. अरूण साहू, सूडा के अधिकारी आशीष टिकरहा और नितेश शर्मा भी मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ के इंतजामअली हमेशा एक पैर पर खड़े रहते हैं : संजय श्रीवास्तव

**» झारखंड में बेटियों के साथ हैवानियत और छत्तीसगढ़ में मटरगश्ती कर रहे सत्ताधारी विधायक**



**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने झारखंड के विधायकों को रायपुर के रिसॉर्ट में ठहराये जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला बोलते हुए कहा है कि इन्हें छत्तीसगढ़ के लाखों कर्मचारियों की पीड़ा दूर करने की फुर्सत नहीं है। कांग्रेस के एटीएम अपने मालिक के हुक्म पर बाहरी विधायकों की सेवा में जुट गए हैं। भाजपा प्रवक्ता श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था सूली पर लटक गई है। बेटियों को जिंदा जलाया जा रहा है। तेजाब से नहलाया जा रहा है। बच्चियों से दुष्कर्म हो रहा है और वहां के सत्ताधारी गठबंधन के विधायक, मंत्री छत्तीसगढ़ में मटरगश्ती कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में इनकी आवभगत का ठेका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिया है। अभी राज्यसभा चुनाव में अजय माकन को जिताने के लिए बंधक बनाए गए हरियाणा के कांग्रेसी विधायकों की खातिरदारी जिस रिसॉर्ट में की गई थी, उसी रिसॉर्ट में झारखंड के भगोड़ों को ऐश कराने की जिम्मेदारी कांग्रेस के मैनेजर भूपेश बघेल ने ली है।

### खड़खड़िया जुआ खेलते हुए 4 पकड़ाए,केस दर्ज

**महासमुंद, 30 अगस्त 2022।** सांकरा पुलसि ने ग्राम डीपापारा बिजेमाल आमगली में खडखड़िया नामक जुआ खेलते हुए चार ग्रामीणों को पकड़ा। इनके पास से पुलिस ने 930 रुपए नगद बरामद कर आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सांकरा थाना प्रभारी इंद्रकुमार भूषण ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि डीपापारा बिजेमाल में कुछ लोग रुपए का दांव लगाकार खडखड़िया जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और ग्राम श्रीरामपुर अधिकारी पटेल पिता संतोष (50), धनीराम प्रधान पिता गजाधर प्रधान (40), टिकेश साहू पिता कृष्ण कुमार साहू (29) एवं परीक्षित सामल पिता आलेख राम सामल (32) को पकड़ा। इस कार्रवाई में सउनि अखिल साहू ,प्रधान आरक्षक बाजीपल बाघ, आरक्षक नीलकंठ नायक,अनिल खांडे,विजय विकाश दिव्य,बलराम ध्रुव, ब्रिजेश बाघ,दिलीप पटेल,महिला आरक्षक हेमलता सिदार शामिल थे।

# प्रदेश में अब अदिवासियों की जमीन से पेंड़ काटने पर होगी 3 साल की सजा और भरना होगा 1 लाख का जुर्माना

**रायपुर, 30 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ में अब आदिवासियों की जमीन पर लगे हुए पेड़ काटने पर 3 साल की सजा के साथ एक लाख रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उईके ने छत्तीसगढ़ आदिम जनजाति संरक्षण अधिनियम 1999 के संशोधित विधेयक पर अपनी मोहर लगा दी है।

आदिम जनजाति का संरक्षण अधिनियम 1999 की धारा 9 में किए बदलाव के अनुसार आदिवासियों की जमीन के वृक्षों को अगर कोई काटता है या नुकसान पहुंचता है तो वो अपराध के श्रेणी में गिना जाएगा। साथ ही इसके लिए सजा का भी प्रावधान होगा।



बता दें कि राज्यपाल अनुसुइया उईके ने छत्तीसगढ़ आदिम जनजातियों का संरक्षण (वृक्षों में हित) (संशोधन) विधेयक 2022 पर हस्ताक्षर कर दिया है। मूल अधिनियम की पांच धाराओं में संशोधन करने के साथ इसकी एक धारा को विलोपित किया गया है। विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा इस विधेयक को सर्व सहमति से पास करवाया गया था।

### प्रमुख संशोधन

- अधिनियम की धारा 4 के अनुसार आदिम जनजाति के जमीन मालिक को पेड़ काटने की अनुमति के लिए अब कलेक्टर की जगह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन देना होगा। फ्रअनुविभागीय अधिकारीफ्र आवेदन की जांच कराएगा। जिसके बाद ही राजस्व विभाग और वन विभाग के संयुक्त जांच प्रतिवेदन पर विचार कर अनुमति के संबंध में कोई निर्णय लिया जाएगा। वहीं मूल अधिनियम की धारा 5 को विलोपित किया गया है।
- धारा 6 में संशोधन किया गया है कि जमीन मालिक को पैसे का भुगतान अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाएगा। धारा 8 में अपील, पुनरीक्षण और पुनर्विलोकन के उपबंध जैसे कि वे संहिता में बताया गया है।
- धारा 9 के संशोधन के अनुसार कोई व्यक्ति जो आदिम जनजातियों के जमीन के वृक्षों को काटता है, नुकसान पहुंचाता है, काट-छांट करता है या किसी भाग को हटाता है तो आरोप सिद्ध होने पर तीन साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना देना होगा।बता दें इससे पूर्व जुर्माना रकम केवल दस हजार रुपये निर्धारित थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)